# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 03 मार्च 2026, वर्ष : 17, अंक : 20, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


### अवकाश की सूचना


होली के शुभ अवसर पर हिन्दी दैनिक 'फ्रीडम फाइटर' का कार्यालय 03 व 04 मार्च 2026 को बंद रहेगा। अखबार का अगला अंक 06 मार्च 2026 शुक्रवार को बाजार में उपलब्ध होगा।

–प्रबंधक


### शुभकामनाएं

होली के शुभ अवसर पर हिन्दी दैनिक 'फ्रीडम फाइटर' के पाठकों, विज्ञापन दाताओं, हॉकरों व शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं...।

–सम्पादक




### माह-ए-रमज़ान



| आज का इफ्तार | कल की सेहरी |
|---|---|
| 5 : 55 | 4 : 55 |

### एक झलक

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इम्फाल :** सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम और थौबल जिलों में अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के तीन सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय के अनुसार सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन पीपल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी कांग्लेईपाक (प्रीपाक) के एक सक्रिय कैडर खुंद्रकपाम अनिलकुमार सिंह उर्फ मंगंगलकपा (21) को गिरफ्तार किया। वह सावोंबुंग थोंगखोंग का निवासी है। उसे इम्फाल पूर्व जिले के लामलाई थाना क्षेत्र के फाकनुंग आवांग लैकाई से पकड़ा गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने प्रीपाक (प्रो) के सक्रिय कैडर खैदेम नरेंद्र सिंह उर्फ अंगौ उर्फ मैकेइंगकपा (29) को इम्फाल पश्चिम जिले के वांगोई खैदेम लैकाई स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया।

### अंदर के पन्नों पर


3 फाल्गुन के रंगों में सराबोर हुई संस्कार भारती रांची...

5 जबरन रंग लगाने पर दर्ज होगा मुकदमा : प्रभात...

7 होली शांतिपूर्ण व सुरक्षित माहौल में मनायें...

9 शहीद सुबेदार संतोष कुमार की पत्नी को उपमुख्यमंत्री...

10 टी20 विश्वकप : पहला सेमीफाइनल दक्षिण...


### कार्टून कोना




# भारत-कनाडा के बीच 08 करार, 09 घोषणाएं, व्यापार समझौते से जुड़े विषयों पर सहमति

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारत और कनाडा के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाये। वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गयीं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है।

वार्ता में भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए विचारणीय विषय (टर्म ऑफ रेफरेंस) तय हुए। तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत-कनाडा-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समझौता हुआ। भारत को यूरेनियम की आपूर्ति के लिए वाणिज्यिक अनुबंध किया गया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के सहयोग को गति देने के लिए कार्नी की प्रशंसा की तो वहीं कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत किया और उनके प्रसिद्ध वाक्य की तर्ज पर कहा, 'हम आगे बढ़ेंगे, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत 2047 और कनाडा स्ट्रॉन्ग के लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते।'

विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-कनाडा के बीच रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जायेगी और भारतज्क-नाडा सीईओ फोरम का पुनर्गठन होगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द देंगे अंतिम रूप : मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द अंतिम रूप देंगे और दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारत-कनाडा सीईओ फोरम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा जीवंत लोकतंत्र हैं, विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और साझा मूल्यों पर आधारित समाज हैं। लोकतंत्र, विविधता और विकास हमें ● शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री व टाटा समूह के चेयरमैन ने संयुक्त रूप से दी झारखंड में निवेश को लेकर जानकारी

# झारखंड के साथ देश के विकास में टाटा समूह का अहम योगदान : हेमन्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में टाटा समूह नया निवेश करने जा रहा है। यह निवेश नयी टेक्नोलॉजी पर आधारित होगा। निवेश से समन्बंधित प्रस्ताव पर राज्य सरकार का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह का झारखंड से काफी पुराना रिश्ता रहा है। इस समूह ने अपने सफर की शुरूआत इसी राज्य से की थी। आज टाटा समूह की वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान है। यह समूह विभिन्न संस्थानों- प्रतिष्ठानों के माध्यम से झारखंड समेत देश के विकास में अहम योगदान करता आ रहा है। इस समूह का सफर निरन्तर आगे बढ़ रहा है । मुझे उम्मीद और विश्वास है कि यह सफर पूरी मजबूती के साथ अनवरत जारी रहेगा।

**राज्य में निवेश अनुकूल माहौल हो रहा तैयार**

**टाटा** सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि आज झारखंड जैसे राज्य में निवेश अनुकूल माहौल तैयार हो रहा है। औद्योगिक विकास को लेकर राज्य सरकार का रोड मैप निवेशकों को काफी आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री के साथ आज हुई बैठक में निवेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई और इसके सकारात्मक परिणाम आपको देखने को मिलेंगे।

**नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज की तैयार होगी योजना**

**टाटा** सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप झारखंड में नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज स्थापित करने की दिशा में पहल की जायेगी। इसके लिए ● शेष पृष्ठ 11 पर



| मुख्यमंत्री ने कहा | टाटा सन्स के चेयरमैन ने कहा |
|---|---|
| ■ झारखंड से ही टाटा समूह ने शुरू किया था अपना सफर | ■ मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से झारखंड में निवेश अनुकूल माहौल हो रहा तैयार |

### झारखंड में निवेश को लेकर टाटा समूह की योजनाएं

- टाटा समूह की राज्य में स्थापित विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नयी टेक्नोलॉजी पर होगा बड़ा निवेश
- झारखंड में नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज स्थापित करने की दिशा में पहल की जायेगी
- सीएसआर का दायरा बढ़ेगा, इसकी राशि में की जायेगी बढ़ोतरी
- राज्य के युवाओं के कौशल विकास में टाटा समूह राज्य सरकार के साझेदार की निभायेगा भूमिका

सीएम की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की हुई 36वीं बैठक

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे 23 कैदियों की रिहाई पर सहमति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की 36वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 23 कैदियों को रिहा किये जाने से सम्बन्धित निर्णय पर सहमति बनी। बैठक में राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद द्वारा अनुशंसित नये मामलों के साथ-साथ पिछली बैठकों में रिहाई से सम्बन्धित अस्वीकृत किये गये 34 मामलों की भी गहन समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की अनुशंसा के आलोक में आजीवन सजा काट रहे 34 कैदियों के रिहाई प्रस्ताव पर बिन्दुवार गहन विचार-विमर्श किया और अंततः 23 कैदियों की रिहाई पर सहमति दी गयी। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति, न्यायालयों, सम्बन्धित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षकों एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिये गये मंतव्यों की समीक्षा करने के बाद यह सुनिश्चित किया कि रिहाई न्यायिक नियमों, सामाजिक सुरक्षा एवं कारा अधिनियमों के दृष्टिकोण से वैध और उचित रहे।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने रिहा होनेवाले कैदियों के लिए एक व्यवस्थित डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि डायन-बिसाही ● शेष पृष्ठ 11 पर



## जूट, जल प्रबंधन व मत्स्य क्षेत्र में सुधार पर जोर

**कोलकाता :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोलकाता स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों की व्यापक समीक्षा बैठक की। सोमवार को हुई इस बैठक में जूट क्षेत्र को सशक्त बनाने, कृषि की स्थिरता बढ़ाने और मत्स्य आधारित ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने जूट उद्योग को प्रभावित करने वाली प्रमुख चुनौतियों की समीक्षा की, जिनमें कच्चे जूट की गुणवत्ता, ग्रेडिंग प्रणाली और किसानों को प्रभावित करने वाली जल संकट जैसी समस्याएं शामिल हैं।

बिकाराबाद के अनंतगिरी हिल्स में कांग्रेस पीएसी की बैठक

## राहुल गांधी ने संगठन की मजबूती और रणनीति पर किया मंथन



**एजेंसी**

**विकाराबाद :** तेलंगाना के विकाराबाद जिले में स्थित अनंतगिरी हिल्स में कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की महत्त्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में राहुल गांधी, राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, राज्य कांग्रेस प्रभारी मीनाक्षी नटराजन, तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ तथा वाई.एस. शर्मिला समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी अनंतगिरी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लने वाले हैं। इस दौरान वे तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के जिला अध्यक्षों के साथ केन्द्रित चर्चा करेंगे। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने और आगामी राजनीतिक रणनीति को अंतिम रूप देने जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जा जायेगा।

## नौसेना के ऐतिहासिक नौकायन पोत कठरश कौंडिन्या के ध्वजारोहण समारोह में सम्मिलित हुए संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुम्बई में भारतीय नौसेना के ऐतिहासिक नौकायन पोत INSV कौंडिन्या के ध्वजारोहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि नौसेना परिसर में उपस्थित होना एक अनूठा और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि INSV कौंडिन्या भारत की सदियों पुरानी समुद्री परम्पराओं और हमारे पूर्वजों के उल्लेखनीय पोत निर्माण कौशल को प्रतिबिमाबित करता है, जिससे राष्ट्र को अपनी समृद्ध समुद्री विरासत से पुनः जुड़ने और उस पर गर्व करने का अवसर मिलता है। यह पोत 29 दिसम्बर 2025 को पोरबंदर से रवाना हुआ और लगभग 1500 समुद्री मील की दूरी तय करते हुए अरब सागर से होते हुए मस्कट पहुंचा, जो प्रतीकात्मक रूप से भारत और ओमान के बीच प्राचीन समुद्री सम्बन्धों को पुनर्जीवित करता है।



## फिर गरमाया गोरखालैंड का मुद्दा

**दार्जिलिंग :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले गोरखालैंड का मुद्दा फिर सियासी चर्चा में है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता नितिन नवीन के साथ हुई बैठक में गोरखा समुदाय के प्रतिनिधियों ने अपनी पुरानी मांगों को सामने रखा। गोरखा नेताओं ने साफ कहा कि यदि गोरखालैंड का गठन संभव नहीं है, तो उत्तर बंगाल को केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए। यह बैठक बंगाल भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' के सिलसिले में सिलीगुड़ी में हुई, जहां गोरखा समुदाय के प्रतिनिधियों ने नितिन नवीन का पारंपरिक गोरखा टोपी पहनाकर स्वागत किया।

## बंगाल में सरकार बदलने पर सरकारी कर्मचारियों को 45 दिनों में मिलेगा डीए : शाह

**एजेंसी**

**कोलकाता :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में आयोजित परिवर्तन यात्रा की एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए सरकारी कर्मचारियों, युवाओं और नौकरी के अभ्यर्थियों के लिए कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर 45 दिनों के भीतर सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दिया जाएगा और 7वां वेतन आयोग लागू किया जायेगा। उन्होंने इसे लम्बे समय से लंबित वित्तीय न्याय दिलाने की दिशा में एक महतत्वपू 'कदम बताया।

दक्षिण 24 परगना जिले के रायदीघी विधानसभा क्षेत्र के भगवतीपुर में आयोजित सभा में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और सरकारी कर्मचारियों को उनका बकाया अधिकार दिलाना भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल है। राज्य में सभी रिक्त सरकारी पदों को भरने की प्रक्रिया 26 दिसंबर से शुरू की जायेगी। भर्ती प्रक्रियाओं में देरी के कारण जिन युवाओं को नुकसान हुआ है, उन्हें पांच वर्ष की विशेष आयु छूट दी जायेगी, ताकि वे फिर से रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।



# ईरान ने खाड़ी में अमेरिका के छह सैन्य ठिकानों पर किया हमला


**एजेंसी**

**इस्तांबुल :** पश्चिम एशिया में तनाव खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान ने शनिवार और रविवार को बहरीन, कुवैत, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित कम से कम छह अमेरिकी सैन्य जवानों को निशाना बनाने का दावा किया।

तुर्किए की अनादोलु एजेंसी (एए) के अनुसार शनिवार को वाशिंगटन और इजरायल द्वारा ईरान पर कार्रवाई शुरू किए जाने के बाद ईरान ने पश्चिम एशिया में कम से कम छह अमेरिकी मिलिट्री ठिकानों को घेरा बनाया। इस रिपोर्ट में सैटैलाइट तस्वीरें, प्रमाणित वीडियो और अमेरिकी मिलिट्री अधिकारियों के बयान शामिल किये गये हैं। हमलों में कई इमारतों और गुटों के संचार व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि कुवैत में एक हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गयी है।

हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि ईरान ने कुल कितने हथियार दागे और उनमें से कितने इंटरसेप्ट किये गये, लेकिन हमलों ने इलाके में तैनात अमेरिकी सुविधाओं की सुरक्षा और भविष्य के हमलों से बचाव की क्षमता को लेकर गम्भीर चिन्ता पैदा कर दी है।

शनिवार को ईरान ने बहरीन की राजधानी मनामा स्थित अमेरिकी नेवी के पांचवें फ्लीट के हेडक्वार्टर को घेरा बनाया। एक वीडियो में मिसाइलों और ड्रोन से हमले के दृश्य दिखाई दिए। हमले के समय बंदरगाह पर नौसेना जहाज बड़ी संख्या में मौजूद नहीं थे। रविवार को मिली सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि दो सैटेलाइट कम्युनिकेशन टर्मिनल नष्ट हो गये और हेडक्वार्टर की कई बड़ी इमारतों को या तो बहुत नुकसान हुआ या वे जमींदोज हो गयीं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, कुवैत में कैम्प आरिफजान पर हुए हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई और पांच गम्भीर रूप से घायल हो गये।



## कुवैत में अमेरिका के कई युद्धक विमान ध्वस्त

**कुवैत** में सोमवार सुबह उस समय हड़कम्प मच गया जब एक हमले में एक के बाद एक कई अमेरिकी युद्धक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गये। हालांकि, त्वरित राहत एवं बचाव अभियान चला कर चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, कुवैती रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि यह घटना सुबह के समय हुई। मंत्रालय के आधिकारिक सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार की सुबह कई अमेरिकी युद्धक विमान अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गये। हालांकि सभी पायलट बच गये। हालांकि, उन्होंने दुर्घटना की सटीक जगह और इसमें शामिल विमानों की संख्या का खुलासा नहीं किया। दुर्घटना के तुरंत बाद सम्बन्धित अधिकारियों ने बचाव अभियान शुरू कर दिया।

## ऑयल टैंकर पर हमला, एक भारतीय की मौत

**पश्चिम** एशिया में जारी तनाव के बीच ओमान के सुल्तान कबूस पोर्ट के उत्तर-पश्चिम स्थित एक तेल टैंकर को निशाना बनाया गया। सोमवार को ऑयल टैंकर पर रिमोट चालित नाव से किये गये हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई, जबकि चालक दल के अन्य सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घटना उस समय हुई जब टैंकर लगभग 59,463 मीट्रिक टन कार्गो लेकर समुद्र में आगे बढ़ रहा था। हमले के कारण जहाज के मुख्य इंजन रूम में जोरदार धमाका हुआ और आग लग गयी। हादसे के बाद जहाज को गम्भीर क्षति पहुंची।गल्फ न्यूज और तुर्किये की सरकारी एजेंसी अनाडोलू एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक ओमानी मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर ने कहा कि मस्कट के तट से लगभग 52 नॉटिकल मील दूर, मार्शल आइलैंड्स रिपब्लिक का झंडा फहरा रहे एक ऑयल टैंकर पर एक रिमोट से चलने वाली नाव से हमला किया गया, जिसमें चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गयी।

# फाल्गुन के रंगों में सराबोर हुई संस्कार भारती रांची



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : संस्कार भारती रांची महानगर की ओर से चुटिया स्थित अनूप मजूमदार के आवास पर होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, आत्मीयता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। आगत अतिथियों का स्वागत गुलाब की कली, अंगवस्त्र एवं अबीर अर्पित कर आत्मीय भाव से किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण आरंभ से ही स्नेह और सम्मान से सराबोर हो उठा। पकार्यक्रम का शुभारम्भ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ, जिसकी सुमधुर प्रस्तुति सुजाता मजूमदार ने दी। तत्पश्चात सरस्वती वंदना सुजाता मजूमदार एवं गणेश वंदना जे.पी. सिंह द्वारा भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत की गई। दीप प्रज्ज्वलन संस्कार भारती झारखंड प्रान्त के अध्यक्ष डॉ. सुशील अंकन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामासिक संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से प्रेम, सौहार्द्र और आत्मीयता के रंग फैलाने का आह्वान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में सुजाता मजूमदार ने 'आज बिरज में होली रे रसिया' गीत से वातावरण को झूमने पर विवश कर दिया। उन्होंने नागपुरी भाषा में भी होली की सुंदर प्रस्तुति देकर स्थानीय रंग को सजीव किया। जे.पी. सिंह ने लोकगीत प्रस्तुत कर पारंपरिक फागुन की छटा बिखेरी। आर. एन. सिंह ने भोजपुरी गीत ह्लरंगवा अउरी अबीर, खेलत भिंगेली बदरियाह्व से माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कुमकुम गौड़ ने 'अंचरा में भरनी हो अबीर गुलाल...' जैसे लोकप्रिय भोजपुरी गीत से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। काव्य पाठ की श्रृंखला में कवि राकेश रमण ने 'फॉगुन की गगरीह्व कविता से श्रोताओं को होलियाना रंग में सराबोर किया।

## कुम्हार समाज के होली मिलन समारोह में महिला और पुरुषों को किया गया सम्मानित



**रांची** : राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ (रजि०) के द्वारा हटिया, तुपुदाना स्थित प्रजापति भवन में कुम्हार समाज के होली मिलन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा दे चुके महिला एवं पुरुषों को प्रशस्ति पत्र और शॉल पहनकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रजापति ने की, कार्यक्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश कमलेश कुमार सिन्हा, तुपुदाना व्यापार मंच के अध्यक्ष प्रदीप जयसवाल, कुम्हार समाज के काली, प्रजापति, सीताराम प्रजापति, प्रताप कुमार, शत्रुघ्न प्रसाद, राजेंद्र प्रजापति , राजन प्रजापति, सहित कई लोग शामिल हुए । इन्हें किया गया सम्मानित सीताराम प्रजापति, दिल्लू प्रजापति, काली प्रजापति, उर्मिला देवी, मुकेश प्रजापति, पुष्पा प्रजापति, कौशल्या प्रजापति, गायत्री कुमारी प्रजापति, मीना देवी, मोनिका कुमारी, कौशल आनंद, रेखा देवी, बिंदु देवी सहित समाज के कई महिला पुरुषों को प्रशस्ति पत्र देकर और साल और जाकर सम्मानित किया गया।

## फारेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन का 'ग्रीन होली' संदेश, रांची में भव्य होली मिलन समारोह

**रांची** : फारेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (FOWA) द्वारा 28 मार्च 2026 को Radisson Blu में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्षा भारती कुमार, कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी सदस्याएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। समारोह की शुरूआत पारंपरिक अंदाज में एक-दूसरे को इको-फ्रेंडली रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देने के साथ हुई। इस अवसर पर केवल प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल रंगों का उपयोग किया गया। FOWA की सदस्यों ने 'ग्रीन होली' मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान 'हैप्पी होली' थीम पर विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन में आपसी प्रेम, सौहार्द और उत्साह का माहौल देखने को मिला। अध्यक्षा भारती कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी एकता, भाईचारे और सकारात्मकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन सदस्यों के बीच सहयोग और संबंधों को और अधिक मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक होली पकवानों के साथ सामूहिक शुभकामनाओं एवं उत्सव के उल्लासपूर्ण माहौल में हुआ।

## रांची में मारवाड़ी समाज ने डंडा रोपण, ठंडी होली पूजन और होलिका दहन के साथ मनाया होली पर्व



**रांची** : रांची सहित झारखंड के विभिन्न शहरों में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने परंपरा, आस्था और उत्साह के साथ होली पर्व का शुभारंभ किया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता ने बताया कि समाज की महिलाओं ने राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा, विशेषकर रंग-बिरंगी ओढ़नी पहनकर विधि-विधानपूर्वक डंडा रोपण की रस्म निभायी।

**डंडा रोपण और ठंडी होली पूजन**

**डंडा** रोपण मारवाड़ी समाज की प्राचीन परंपरा है और यह होली पर्व के शुभारंभ का प्रतीक माना जाता है। महिलाएं पारंपरिक गीत गाते हुए परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इसके बाद ठंडी होली पूजन श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ, जिसमें मंगलकामना, सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। 3 मार्च को प्रातः लगभग 5 बजे विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में परिवार उपस्थित रहे।

## एक झलक

### वार्ड 46 में नवनिर्वाचित पार्षद आरती कुमारी की भव्य आभार यात्रा



**रांची** : वार्ड संख्या 46 से नवनिर्वाचित पार्षद आरती कुमारी के नेतृत्व में आज भव्य आभार यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सुरेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर अयोध्यापुरी, द्वारकापुरी, कृष्णापुरी, रेलवे कॉलोनी, पंचवटी चौक होते हुए तपोवन मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा में वार्ड 46 के सैकड़ों नागरिक, महिला-पुरुष, युवा और वरिष्ठजन शामिल हुए। पूरे मार्ग में लोगों ने फूल-मालाओं और जयघोष के साथ आरती कुमारी का स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह, उल्लास और पर्व जैसा माहौल बना रहा। इस अवसर पर आरती कुमारी ने कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन से ही उन्हें यह सफलता मिली है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वार्ड 46 के समग्र विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगी। आभार यात्रा ने यह संदेश दिया कि वार्ड 46 में विकास और बदलाव की नई शुरूआत हो चुकी है और जनता का उत्साह इसके लिए उत्साहजनक प्रमाण है।

### श्याम मित्र मंडल का होली उत्सव आज-कल

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल, रांची का होली उत्सव मंगलवार और बुधवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका और महामंत्री गौरव मुरारका ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सुबह 4.30 बजे पट खोला जाएगा, सुबह 05 बजे बाबा श्यामम को मंगला आरती, सुबह 05.45 श्रृंगार आरती, सुबह 06.15 बजे पट मंडल (पट बंद), शाम 07 बजे ग्रहण शुद्ध और रात 09.25 के बाद विशेष आरती होगी। वहीं बुधवार को सुबह 05.30 बजे मंगला पंच आरती और बाल भोग, सुबह 08.30 श्रृंगार पंच आरती और भोग और दोपहर 12.15 बजे शंख आरती और भोग लगाया जाएगा। वहीं सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रृंगार पंच आरती के बाद खाटू नरेश के साथ होली उत्सव मनाया जाएगा।

## हेमन्त-कल्पना से चतरा नगर परिषद के अध्यक्ष अताउर रहमान व सरायकेला नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने की मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से सोमवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नवनिर्वाचित चतरा नगर परिषद के अध्यक्ष अताउर रहमान उर्फ. बाबू खान एवं सरायकेला नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उन्हें अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## हेमन्त-कल्पना से मिलीं मानगो नगर निगम, जमशेदपुर की नवनिर्वाचित मेयर सुधा गुप्ता, बन्ना गुप्ता भी थे साथ



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मानगो नगर निगम, जमशेदपुर की नवनिर्वाचित मेयर सुधा गुप्ता एवं पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

## नवनिर्वाचित देवघर नगर निगम के महापौर रवि राउत व चाईबासा नगर परिषद के अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से सोमवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नवनिर्वाचित देवघर नगर निगम के महापौर रवि राउत तथा चाईबासा नगर परिषद के अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उन्हें अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मंत्री हाफिजूल हसन भी उपस्थित थे।

## रांची में तम्बाकू व तम्बाकू जनित पदार्थ पर रोक को प्रभावी बनाने के लिए औचक छापेमारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अनुमंडल पदाधिकारी, सदर रांची कुमार रजत के निर्देश पर लालपुर एवं सदर थाना क्षेत्र में तंबाकू एवं तंबाकू जनित पदार्थ के सेवन और बिक्री पर रोक को प्रभावी बनाने हेतु छापामार दस्ते ने औचक निरीक्षण किया। अभियान में सार्वजनिक स्थान, शिक्षण संस्थान, बार और लॉन्ज की सघन जांच की गई। अभियान का नेतृत्व टोबैको कंट्रोल सेल के डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट सुशांत कुमार ने किया। संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल ने अभियान में सहयोग किया। निरीक्षण के दौरान तंबाकू उत्पादों की बिक्री, प्रचार और सेवन से जुड़े नियमों का उल्लंघन पाया गया। दोषियों पर जिला प्रशासन ने कुल 12 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया और सख्त चेतावनी दी। उल्लंघनकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2025 के अनुसार सार्वजनिक स्थान, सरकारी कार्यालय, अस्पताल, शिक्षण संस्थान, बार और रेस्टोरेंट में तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं प्रचार पूरी तरह प्रतिबंधित है। छापामार दस्ते ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में 255वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ आयोजन

## भजन संध्या में खूब झूमे भक्तगण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : परमहंस हिन्दु रत्न से सुशोभित डॉ. संत शिरोमणी स्वामी सदानंद सदानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग राँची मे 255 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आज का अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा पवन कुमार अपने पिता स्वर्गीयोगेंद्र प्रसाद सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिवार द्वाराआयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री राधा रानी जी का दिव्य आकर्षक आभूषणों से अलंकृत कर अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगायी गयी, महाप्रसाद में मसालेदार पुलाव, पुड़ी, आलु चना सब्जी, केसर युक्त खीर, का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का गया। तत्पश्चात भजन- संध्या में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया द्वारा श्री राधा कृष्ण एवं होली पर आधारित गाए मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गयी। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा तथा 6 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किये। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रत्येक दिन दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक वेजिटेबल खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है जिसमें 500 से भी अधिक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।



## रांची में 11 से 13 मार्च तक आयोजित होगी नेशनल रैपिड एवं नेशनल ब्लिट्ज़ शतरंज चैम्पियनशिप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची में 11 से 13 मार्च 2026 तक सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची में नेशनल रैपिड एवं नेशनल ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025-26 का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता देशभर के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों को एक मंच पर लाएगी। इस प्रतियोगिता में लगभग 250 शीर्ष रैंक प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें 50 अंतरराष्ट्रीय मास्टर (क्ट) एवं ग्रैंडमास्टर (GM) रैंकधारी खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता फिडे (FIDE) नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी। कुल 6.5 लाख रुपये की आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का उद्देश्य बौद्धिक प्रतिस्पर्धा, रणनीतिक सोच एवं खेल भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया अभियान, प्रेस कवरेज एवं लाइव स्ट्रीमिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। टूनार्मेंट की जानकारी देते हुए संरक्षक मंडल के प्रमुख राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि टूनार्मेंट की रैपिड कैटेगरी में 25 खिलाड़ियों को 4 लाख रु. एवं ब्लिट्ज कैटेगरी में 15 खिलाड़ियों को ढाई लाख रुपए की इनामी राशि प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति ने विभिन्न श्रेणियां में स्पॉन्सरशिप के लिए भी आमंत्रण दिया है। टाइटल स्पॉन्सर, को-स्पॉन्सर, सब-स्पॉन्सर एवं एसोसिएट स्पॉन्सर के रूप में सहयोग करने वाले संस्थानों एवं संगठनों को व्यापक ब्रांड विजिबिलिटी एवं प्रचार का अवसर प्रदान किया जायेगा।



## उपायुक्त ने जिलास्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने 02 मार्च 2026 को जिलास्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में बैठक की। बैठक में उपविकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय भगत, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर कुमार रजत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



**बैठक में प्रमुख निर्णय और दिशा-निर्देश**

**उपायुक्त** ने सभी विभागों में समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

**नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 :** शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को बधाई। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

**मार्च क्लोजिंग और फर्जी निकासी पर सतर्कता :** सभी विभागों को अंतिम समय में अनियमितताओं पर रोक और फर्जी निकासी पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश।

**विधानसभा सत्र और पर्व-त्योहारों में विधि-व्यवस्था :** होली, ईद, सरहुल एवं रामनवमी के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) को निर्देश। थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने का भी आदेश।

**ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण :** पर्व-त्योहारों के दौरान तय मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश।

**सीसीटीवी संचालन और सभागार जीर्णोद्धार :** समाहरणालय परिसर में सीसीटीवी 24 घंटे सक्रिय रखने और सभागार जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश।

**जल स्रोत अतिक्रमण मुक्त करना :** रांची के प्रमुख जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश।

**जन्म प्रमाण पत्र और फर्जीवाड़ा रोकथाम :** बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया तेज करने और फर्जीवाड़े पर सख्त रोक लगाने के आदेश।

**आईडी कार्ड वितरण :** अंचल एवं प्रखंड कार्यालयों में बीडीओ/सीओ सहित सभी कर्मियों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की स्थिति की समीक्षा।

### श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची ने मनाया 10वां स्थापना दिवस

## दिव्यांगों के प्रति समर्पण के 10 साल, सेवा बेमिसाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची ने आज शहर के बरियातू रोड पर तेतरटोली स्थित केन्द्र में अपना 10वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। हवन पूजन के बाद अतिथियों ने 50 से अधिक की संख्या में पहुंचे दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग, कैलीपर्स, बैसाखी, व्हील चेयर और अन्य सहायता उपकरणों का वितरण किया। समिति के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर अतिथियों ने हर सम्भव सहायता करने की घोषणा की। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ओमप्रकाश केजरीवाल, विशिष्ट अतिथि पुनित पोद्दार उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में पुष्पा देवी पोद्दार, डॉ. एसपी अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के चेयरमैन ललित केडिया, नेमी अग्रवाल, रतन लाल अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, विजय कुमार छापड़िया, डॉ. संगीत श्रीवास्तव, बनवारी लाल अग्रवाल, ललिता देवी, सौरभ केडिया, प्रमोद कुमार, सी लाल, रीतेश पटवारी, समिति के पारा मेडिकल स्टाफ, लघु उद्योग भारती के सुनील गुप्ता एवं विभिन्न संगठनों से पहुंचे सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभायी।



रांची जिला प्रशासन की अनूठी पहल

## सेवानिवृत्ति के दिन ही 18 शिक्षकों को पेंशन लाभ व सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पेंशन दरबार सह सेवा-निवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का भावुक एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवानिवृत्त शिक्षकों के लंबे और समर्पित सेवाकाल को सम्मानित करना तथा रिटायरमेंट की तिथि पर ही सभी पेंशनरी लाभ उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कुल 18 सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं सदर अनुमंडल व जिला राजस्व शाखा से सेवानिवृत्त 2 कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, शिक्षक समाज की मूल नींव हैं। उनकी निष्ठा और समर्पण से ही नई पीढ़ियां मजबूत बनती हैं। उनकी सेवानिवृत्ति को सम्मानजनक बनाना हमारा कर्तव्य है।



**सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी लाभ प्रदान**

**उपायुक्त** ने विशेष रूप से रेखांकित किया कि सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन, ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट सहित सभी लाभ प्रदान करना प्रशासन की कर्मचारी-हितैषी नीति का प्रमाण है। जनवरी 2025 से जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह इस प्रकार का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है, ताकि सेवानिवृत्त कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**संवेदनशीलता की मिसाल : स्वयं पहुंच कर दिया सम्मान**

**कार्यक्रम** के दौरान एक हृदयस्पर्शी दृश्य देखने को मिला। जब उपायुक्त को ज्ञात हुआ कि सेवानिवृत्त शिक्षक शिवेश्वर महतो (स.शि., राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डड़िया, बुढ़मू) पैर की समस्या से जूझ रहे हैं, तो वे स्वयं सभागार से मुख्य द्वार तक पहुंचे और व्यक्तिगत रूप से उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ सौंपा। भावुक होकर श्री महतो ने कहा, 'उपायुक्त महोदय का खुद आना और हाथों से सम्मान करना मेरे जीवन का सबसे यादगार पल है।' इस पर उपायुक्त ने कहा, 'जरूरत पड़ने पर प्रशासन को स्वयं आगे बढ़कर अपने शिक्षकों तक पहुंचना चाहिए, यही सच्ची सेवा है।'

**शिक्षकों का समाज निर्माण में योगदान**

**सम्मानित** किए गए शिक्षकों में विभिन्न प्रखंडों–मांडर, राँची-2, नामकुम, रातू, बेड़ो, तमाड़, बुढ़मू, लापुंग, नगड़ी, ओरमांझी, सिल्ली आदि–के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शामिल रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों के नाम

(01) सेवक कुमार साधु, स.शि. रा.उत्क्र.म.वि. लोयो, माण्डर
(02) क्लौदिया विलुंग, स.शि. रा.प्रा.वि. सोसई माण्डर
(03) श्रीमती उसुर्ला कोनगाड़ी, स.शि. रा.म.वि. न्यू टूपूदाना, रांची-2
(04) कुमार कनिष्क, स.शि. रा.म.वि. हिन्दपीढ़ी हिन्दी रांची-2
(05) मो. नुमानुल्लाह, स.शि. रा.प्रा.वि. मांगुबांध, नामकुम
(06) टोप्पो निर्मला, स.शि. रा.म.वि. विजुलिया, रातू
(07) नीलमणी हेरेंज, स.शि. रा.म.वि. महेशपुर
(08) ममता तिग्गा, स.शि. रा.प्रा.वि. खरदेवरी, बेड़ो-1
(09) सुभाष कुमार माँझी, स.शि. रा.उत्क्र.म.वि. हरवागढ़, तमाड़
(10) शिवेश्वर महतो, स.शि. रा.उत्क्र.म.वि. डड़िया, बुढ़मू
(11) राकेश रंजन, स.शि. रा.म.वि. फतेहपुर, लापुंग
(12) सुषमा गोरेती धान, स.शि. रा.म.वि. सरसा लापुंग
(13) राम विलाप नाग, स.शि. रा.प्रा.वि. पतराचौली, नगड़ी
(14) आशा कुमारी, स.शि. रा.म.वि. चकला, ओरमाँझी
(15) अक्षय कुमार स्वांसी, स.शि. रा.उत्क्र.म.वि. असुरकोड़ा, सिल्ली
(16) रामपद नायक, स.शि. रा.प्रा.वि. जोबला, सिल्ली
(17) प्रहलाद लोहरा, स.शि. रा.प्रा.वि. डुंगरूडीह, सिल्ली
(18) बिबियाना तोपनो, स.शि. संत तेरेशा बालिका मध्य विद्यालय माण्डर

## हरिदेव सेवा संघ ने दिव्यांग बच्चों के बीच किया भोजन वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : हरिदेव सेवा संघ द्वारा सोमवार गुरूनानक होम फॉर हैण्डीकैप्ड चिल्ड्रेन, बरियातु, रांची में वहां इलाज करा रहे विकलांग एवं दिव्यांग बच्चों एवं उनके परिजनों के बीच भोजन वितरण किया गया एवं उनके साथ होली का त्योहार मनाया गया। संस्था के लोगों ने वहां इलाज की उतम व्यवस्था को देखा एवं परिजन इलाज से खुष एवं संतुष्ट है यह जाना। जिसमें संस्था के अध्यक्ष संजीत कुमार साहु एवं सदस्यगण कंजन कुमारी, दीपक साहु, नीरज सिंह, दीपक सोनी, कमलेष, मुस्कान सिंह, रणवीर सिंह (बंटी), विनय एक्का, नीरज गुप्ता, गुड्डु वर्मा, चरकु, सुरज नापो, कार्तिक, गौतम साहु, सोनु यादव, रोहित यादव, चन्दन सोनी, संदीप, रंजीत, हिमांषु आदि ने अपना योगदान दिया।

## एक झलक

### सिरय के प्रवासी मजदूर सुरेंद्र प्रजापति की ट्रेन में हुई मौत

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सिरय निवासी सुरेंद्र प्रजापति अपने पैतृक गांव आने के लिए बैठे ट्रेन में अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। शव पैतृक गांव सिरयटांड़ पहुंचते ही पूरा माहौल गमगीन हो गया। जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि सिरय के प्रवासी मजदूर सुरेंद्र प्रजापति पिता गोवर्धन प्रजापति उम्र लगभग 40 वर्ष जो रोजी रोजगार के लिए तीन महीने पूर्व मुंबई गया था, वहां दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था जो 27 फरवरी 2026 को घर के लिए कुर्ला मुम्बई से ट्रेन बैठकर घर जाने के दौरान 28 फरवरी 2026 को कटनी स्टेशन मध्य प्रदेश में उनकी तबियत अचानक खराब हो गया। जिससे समय से उसका इलाज नहीं हो पाने के कारण कारण ट्रेन में ही उसकी मृत्यु हो गई। प्रवासी मजदूर सुरेंद्र प्रजापति के मौत हो जाने से उनके चार बच्चे, पत्नी एवं बूढ़े मां बाप सभी बेसहारा हो गए। उनके घर का एक, वही तो कमाऊ व्यक्ति था। जिससे उनके घर परिवार का जीवन-यापन होता था। उसके मृत शरीर को पैतृक गांव सिरयटांड़ लाकर स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### चरही-घाटों रोड के 44 मोड़ के पास खाई में गिरी कार, बाल-बाल बचे सीसीएल कर्मी

**चरही (हजारीबाग)** : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की तापिन नॉर्थ परियोजना से काम कर घर लौट रहे एक कर्मी की कार सोमवार देर शाम चरही-घाटों रोड के 44 मोड़ के पास अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। होली पर्व से ठीक पहले एक बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों के अनुसार तापिन नॉर्थ परियोजना में सोमवार देर शाम होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां रंग-गुलाल के साथ जमकर शराब का सेवन भी किया गया। बताया जाता है कि कार्यक्रम में शामिल कई कर्मी नशे की हालत में थे। इसी दौरान एक कर्मी अपनी कार से घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार में था और चालक नशे में प्रतीत हो रहा था।

### विक्की कुमार धन की पहल से सुलझा मामला, 14 लाख मुआवजा व नि:शुल्क शिक्षा का आश्वासन

**हजारीबाग** : ग्राम मरहन्द, बेस पंचायत, थाना कटकमदा, जिला हजारीबाग निवासी स्वर्गीय जितेंद्र कुमार राम (पिता- गणेश राम) की लोडर दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु के बाद क्षेत्र में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना के विरोध में सुबह 7 बजे से नरसिम्हाअयरण स्पंज प्लांट परिसर में ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन शुरू किया और उचित मुआवजे की मांग उठाई। स्थिति को गंभीर होता देख पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान और संजय भुईयां के हस्तक्षेप करते हुए फैक्ट्री प्रबंधन एवं आंदोलनरत ग्रामीणों के बीच वार्ता की पहल किया। उन्होंने पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति, आश्रितों की जिम्मेदारी और भविष्य की चिंता को प्रमुखता से रखते हुए सम्मानजनक मुआवजे की मांग मजबूती से रखी। कई दौर की बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। समझौते के तहत 13,50,000 नगद मुआवजा, 51,000 क्रिया-कर्म हेतु सहायता राशि तथा परिवार के एक बच्चे की संपूर्ण शिक्षा नि:शुल्क कराने का आश्वासन दिया गया। इस संबंध में विक्की कुमार धान ने कहा कि यह केवल मुआवजे का विषय नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में समाज का दायित्व है कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग दिया जाये। हमने प्रबंधन से स्पष्ट कहा कि परिवार के भविष्य को सुरक्षित करना आवश्यक है। आगे भी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। समझौते के उपरांत मृतक का पार्थिव शरीर एंबुलेंस के माध्यम से सम्मानपूर्वक उनके गांव भेजा गया।

# होली मिलन समारोह में झूमीं महिलाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद)** : वार्ड 51 के नव निर्वाचित पार्षद व समाजसेवी बीरेंद्र कुमार के सुदामडीह न्यू माइंस स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान पार्षद की धर्मपत्नी प्रभा देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

त्योहार

फगुआ के पारंपरिक लोकगीतों पर महिलाएं जम कर झूमीं और उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में विभिन्न व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर पिंकी तिवारी, सीमा देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया होली मिलन समारोह



**चरही** : चरही सोमवार को हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय के प्रांगण में धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया जिसमें कांग्रेस कमेटी के पुराने कार्यकर्ता और नये कार्यकर्ता सभी एक साथ मिल कर गाजे बाजे के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए नाच गान किये और एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर एक दूसरे से गले मिले और होली की शुभकामनाएं दी कांग्रेस कमेटी के तरफ से तरह-तरह के पकवान भी बनवाये गये। सभी कार्यकर्ता ने पकवान का आनंद लिया मिलन समारोह में मुख्य रूप से झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, चूरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, चुरचू प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो प्रदेश सचिव विनोद सिंह शशिमोहन सिंह हजारीबाग जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान कांग्रेस नेत्री रेणु कुशवाहा सुनैना दुबे संगीता कुमारी एवं समस्त हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यकर्ता होली मिलन समारोह में शामिल हुए।

## डीवीसी कोनार में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**विष्णुगढ़** : प्रखंड के डीवीसी कोनार में सोमवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीवीसी, कर्मियों, अधिकारियों, एसआईएसएफ के जवान गृहरक्षा वाहिनी के जवान एवं संवेदकों ने मिलकर पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साह से एक दूसरे को गुलाल रंग लगाकर होली मनायी। इस अवसर पर कोनार डैम के लहरों के तथ पर अनेक प्रकार के व्यंजनों का भी लुक उठाया गया। मौके पर परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने होली पर्व एक दूसरे एवं कोनार परियोजना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले सभी भाई बहनों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही यह त्यौहार को परियोजना प्रधान ने आपसी भाईचारे का पर्व बताया, कहा कि जैसे अनेक रंग आपस में मिलकर एक हो जाते हैं, ठीक उसी तरह से हम सभी होली पर्व में एक हो जाते है, साथ ही कहा कि यह पर्व सामाजिक असमानता को दूर करता है, सौहार्द प्रेम और भाईचारा को बढ़ाता है। आज यही समा कोनार में देखने को मिल रही है। इस मौके पर परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह, सीएसआर के प्रभारी सुनील कुमार, कोनार हॉस्पिटल डॉक्टर बी एन मंडल, डॉक्टर असैनिक विभाग के प्रबंधक गोपाल महतो, चंदन कुमार वी (विद्युत), राउतु सोरेन, टेकलाल, दामोदर, वीरेंद्र, संवेदक जयनंदन, नवल सिंह, सोहन साव , तारों साव, बुधन महतो, कृष्णा हंसदा, राजेश कुमार, सिकंदर के अलावे डीवीसी कर्मी, अधिकारी, एसआईएसएफ के जवान, गृहरक्षा वाहिनी के जवान समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## बेनी प्रसाद उच्च विद्यालय अलपीटो में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत बेनी प्रसाद उच्च विद्यालय अलपीटो विष्णुगढ़ में सोमवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा एक दूसरे को गुलाल रंग लगाकर होली खेली गई। इस अवसर पर होली गीत पर राधा कृष्ण के वेष भूषा में बच्चों द्वारा जमकर नृत्य किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक छोटा शर्मा ने होली पर्व पर एक दूसरे को गुलाल रंग लगाकर होली की बधाई दी साथ ही बताया कि यह पर्व क्यों मनाया जाता है, और इसके महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर प्रधानाध्यापक टेकलाल यादव ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, जैसे सभी अलग अलग रंग आपस में मिल कर एक ही जाते हैं, ठीक उसी तरह यह त्यौहार आपसी भाईचारे और एक दूसरे से मिलन एवं प्यार का संदेश देता है, ताकि सभी के जीवन में खुशियों से भरा हो। इस आयोजित कार्यक्रम होली मिलन समारोह में विद्यालय के संस्थापक छोटन शर्मा, प्रधानाध्यापक टेकलाल यादव, उपप्रधानाध्यापक संदीप पाठक, सहायक शिक्षक रोशन पाठक, पिंटू वर्मा, मनोज यादव, शिक्षिका खुशी कुमारी, शालिनी कुमारी, अनु कुमारी, सीमा कुमारी, बालिका देवी, पुष्पा कुमारी, रानी कुमारी, स्वाती देवी उपस्थित थे।

## सामाजिक रिश्ता संस्था के सदस्यों ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**दारु/हजारीबाग** : सामाजिक रिस्ता संस्था के सदस्यों ने सोमवार को अपने दारु स्तिथ कार्यालय होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली कि बधाई दिया। संस्था के महिला पुरुष सदस्य होली के गीत पर जमकर थिरकते नजर आये। इस मौके पर सदस्यो ने होली के स्वादिस्ठ व्यंजन का भी लुत्फ उठाया। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार दास ने होली त्योहार के अवसर पर पूरे जिलें वासियों को होली कि बधाई देते हुए कहा कि रंगो का त्योहार होली आपसी भाईचारे और एक दूसरे के साथ मेल मिलाप का संदेश देता है। सचिव राजन सिन्हा ने कहा कि रंग बिरंगे रंगो का त्योहार होली कि तरह सभी के जीवन मे खुशियां भरी रहे । इस मौके पर रौशन सिन्हा, प्रभाकर सिन्हा, सुरेंद्र कुमार, प्रकाश सिन्हा, महाबीर ठाकुर, पिंकी देवी, स्मिता सिन्हा, आरती सिन्हा, कुंती देवी, लक्ष्मी कुमारी, रश्मि सिन्हा, प्रीति सिन्हा, मंजू देवी, उषा देवी आदि मौजूद थे।

## सर्वोदय सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया होली मिलन समारोह



**चरही** : चरही सर्वोदय सरस्वती विद्या मंदिर लाल बंगला चरही में होली मिलन समारोह मनाया। इसमें शिक्षक, छात्र एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। कपिल देव पटेल ने सबको होली की शुभकामनाएं दीं। ज्ञान-विज्ञान, अनुशासन, संस्कार के रंग भरने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य कपिल देव पटेल ने सभी से सुरक्षित होली खेलने की अपील की। इस दौरान कपिलदेव पटेल, मीनासरिता, रानी, निर्मल, निर्मला, प्रियम, कमलाल, गायत्री कुमारी ने प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्रा ने गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन गायत्री कुमारी ने सभी ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

## रोहड़ाबांध के दूबे अखाड़ा में होली मिलन समारोह आयोजित



**सिन्दरी (धनबाद)** : सिन्दरी के रोहड़ाबांध स्थित दूबे अखाड़ा में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जमसं के सिंदरी नगर अध्यक्ष वेद प्रकाश ओझा के नेतृत्व में हुआ। समारोह की शुरूआत हनुमान जी को गुलाल अर्पित कर पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद अखाड़ा पर गुलाल चढ़ाकर पारंपरिक पूजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। मौके पर शैलेंद्र द्विवेदी, गुरुचरण सिंह, प्रकाश बाउरी, पूर्णेंदु सिंह, रास बिहारी सिंह, सुनील सिंह, लाल मोहन सिंह, आदित्य दूबे और नंदा दूबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## दिल्ली में एस.के. दास व शिवानी झा को 'आईओजी डॉ. सत्योपाल अवार्ड' सम्मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : राजधानी दिल्ली स्थित ली मेरिडियन न्यू दिल्ली (जनपथ) में आयोजित भव्य समारोह में प्रतिष्ठित चिकित्सक एस.के. दास और शिवानी झा को ह्यआईओजी डॉ. सत्योपाल अवार्डह्व से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त चिकित्सकों की उपस्थिति रही और चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में कई नामचीन डॉक्टरों को भी पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। सम्मानित चिकित्सकों में नरेंद्र मल्होत्रा, जयदीप मल्होत्रा, ऋषिकेश पई सहित पूर्व वियाडा अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी विजय झा शामिल थे। समारोह के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान एवं समाजसेवा के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। सम्मान प्राप्त करने के बाद एस.के. दास और शिवानी झा ने इसे अपने लिए गौरव का क्षण बताते हुए सभी सहयोगियों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### हजारीबाग में DMFT न्यास परिषद की बैठक सम्पन्न

## कई जनहित और विकास कार्यों पर बनी सहमति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग में नया समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट डीएमएफटी की न्यास परिषद की उच्चस्तरीय बैठक में जिले के सर्वांगीण विकास और खनन प्रभावित क्षेत्रों के उत्थान को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी कई योजनाओं को हरी झंडी दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला प्रशासन बड़कागांव के ढेंगा में एक अत्याधुनिक विद्यालय का संचालन करेगा। साथ ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आधुनिक पुस्तकालयों का निर्माण कराया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डाडी प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 'कैथ लैब' की स्थापना पर सहमति बनी। तकनीक का लाभ जनता तक पहुंचाने



के लिए हेल्थ एटीएम की स्थापना और मोबाइल विजन नेटवर्क वैन का संचालन पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया जायेगा। बैठक में बतौर सदस्य हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली और संसाधनों के दुरुपयोग पर बैठक में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। जिसमें कड़े शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य विभाग में उपकरणों और मैनपावर की तैनाती से पहले उनका पूर्ण असेसमेंट अनिवार्य है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में पड़ी अनुपयोगी सेपरेशन मशीन और एम्बुलेंसों का उदाहरण देते हुए कहा कि संसाधनों की खरीद तो होती है, लेकिन उनकी उपयोगिता शून्य रहती है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए DMFT मद से एक अलग और पारदर्शी व्यवस्था खड़ी करने की वकालत की। दिव्यांगता के प्रतिशत की जटिलता को दरकिनार कर पैरों से दिव्यांग सभी व्यक्तियों को बैटरी युक्त ट्राइसिकल देने और सरकारी स्कूलों में अनिवार्य रूप से बाउंड्री वॉल बनाने का सुझाव दिया। किराए के भवनों में चल रहे जिले के करीब 500 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने और रेलीगढ़ा से नया मोड़ तक की जर्जर सड़क को सीसीएल के सहयोग से दुरुस्त करने की बात कही। क्षेत्र में हाथियों के बढ़ते प्रकोप पर सांसद ने जिला प्रशासन को आईना दिखाते हुए कहा कि जंगलों में हो रहे अवैध खनन और ब्लास्टिंग के कारण हाथियों का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि जंगलों का हेलीकॉप्टर सर्वे कराकर अवैध कोल माइनिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाये।

## नि:शुल्क एचपीवी जांच शिविर में महिलाओं ने करायी स्क्रीनिंग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)**: महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा सोमवार को मातृ सदन, झरिया में निःशुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मातृ सदन एवं अस्पी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से किया गया। शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु की विवाहित महिलाओं के लिए निःशुल्क स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर एचपीवी जांच कराई और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्राप्त किया। विशेषज्ञों ने बताया कि एचपीवी संक्रमण के 5 से 8 वर्ष बाद यह गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का रूप ले सकता है,




इसलिए समय पर जांच बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ. कृष्णा अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, कार्यक्रम संयोजक मयंक केजरीवाल तथा पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा मौजूद रहे। संयोजक मयंक केजरीवाल ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे।

## विभावि शिक्षाशास्त्र विभाग में दो-दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में 'स्ट्रेस मैनेजमेंट तथा थिंकिंग क्रिएटिवली ऐट वर्क' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए कार्यशाला के प्रोग्राम कोआर्डिनेटर डॉ अमिता कुमारी ने कार्यशाला के समापन के उपरांत सोमवार को बताया कि विभावि के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा के दिशा निर्देश पर यह कार्यशाला का आयोजन 'स्मार्ट फाउंडेशन' के साथ संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने बताया कि कुलपति की नयी सोच और दृष्टि से विद्यार्थियों को काफी एक्स्पोजर मिलने लगा है। इससे विद्यार्थियों की दृष्टि भी व्यापक हो रही है। डॉ अमिता



ने बताया कि कार्यशाला में एमएड तथा इंटीग्रेटेड बीएड के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यशाला में स्मार्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने रिसोर्स पर्सन के रूप में बच्चों के 'सॉफ्ट स्किल' को विकसित करने के विभिन्न तरीकों को बताया। साथ ही रोजगार से संबंधित कई नवीनतम जानकारियों को साझा किया। प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ अमिता कुमारी ने बताया कि बच्चे इस कार्यशाला में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिये और काफी उत्साहित दिखे। कार्यशाला का परस्पर संवादात्मक सत्र अत्यंत जीवंत रहा। इससे रिसोर्स पर्सन भी काफी प्रभावित हुए। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। ज्ञात हो की स्मार्ट फाउंडेशन की स्थापना आईआईटी, आईआईएम तथा एक्सएलआरआई के पूर्ववर्ती छात्रों (एल्यूमिनी) द्वारा किया गया है। इसे वर्ष 2025 में सीएसआर द्वारा 'बेस्ट एनजीओ ऑफ-द-ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। युवाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से यह फाउंडेशन साइको-एकेडमिक ट्रेनिंग उपलब्ध कराता है। डॉ अमिता ने बताया की कार्यशाला के आयोजन में विभागाध्यक्ष प्रो तनवीर यूनुस तथा प्रो मृत्युंजय प्रसाद समेत सभी शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

## डीएमएफटी की बैठक में विधायक ने हजारीबाग के समग्र विकास के रखे कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की न्यास परिषद की बैठक में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद का उपयोग स्थानीय जरूरतों एवं जनहित के अनुरूप योजनाओं में प्राथमिकता के साथ किया जाना चाहिए, ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा सके। बैठक में विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदर प्रखंड के पुराने ब्लॉक में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना, कटकमदाग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 24×7 संचालित करने, नशामुक्त हजारीबाग के लिए रिहैबिटेशन सेंटर निर्माण तथा सभी उप-स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की पुनः शुरूआत की मांग की। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी प्रमुख स्थानों





पर हाई मास्ट लाइट एवं सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालय निर्माण, हाट-बाजारों में शेड निर्माण, हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक भवन निर्माण एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाने का प्रस्ताव रखा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय स्टेडियम एवं सिलवार स्थित श्री जगन्नाथ धाम स्टेडियम के जीर्णोद्धार के साथ-साथ छड़वा डैम के पुनरुद्धार एवं उसे विकसित पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की भी आवश्यकता बताई। बैठक की अध्यक्षता सांसद मनीष जायसवाल ने की। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज यादव, बरकठा विधायक अमित यादव, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो, उपायुक्त शशि प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डीडीसी रिया सिंह सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि डीएमएफटी की राशि का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए होना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, खेल एवं पर्यटन के क्षेत्र में ठोस पहल कर हम हजारीबाग को विकास की नयी ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। मेरी प्राथमिकता है कि हर योजना धरातल पर उतरे और आम जनता को उसका सीधा लाभ मिले। विधायक ने आशा व्यक्त की कि न्यास परिषद उनके द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर सकारात्मक निर्णय लेकर हजारीबाग के विकास को नई गति प्रदान करेगी।

# होली पर 122 वर्ष बाद आज लगेगा चंद्र ग्रहण, भारत में दिखेगा ग्रस्तोदित खण्डचंद्र : आचार्य चेतन पाण्डेय

**मनोज कुमार**

फाल्गुन पूर्णिमा पर मंगलवार को चंद्र ग्रहण लग रहा है। करीब 122 साल बाद होली पर इस वर्ष चंद्र ग्रहण का संयोग बना है। जन्मकुंडली, वास्तु व कर्मकाण्ड परामर्श के विशेषज्ञ आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने बताया कि यह ग्रहण भारत में दिखेगा। हजारीबाग, चतरा, रांची, कोडरमा, गिरिडीह व अन्य क्षेत्रों में यह चंद्र ग्रहण शाम 6 बजे चंद्रोदय के समय दिखेगा। यहां यह ग्रहण 48 मिनट का होगा। उन्होंने बताया कि यहां ग्रस्तोदित खण्डचंद्र चंद्र ग्रहण दिखेगा। भारत के अलावा यह चंद्रग्रहण पूर्वी यूरोप, एशिया महाद्वीप, ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अटलांटिक, पेसपिक, अंटार्कटिका व अन्य देशों में भी दृश्य होगा। विदेश की धरती पर यह चंद्र ग्रहण दोपहर के 3:02 से ही दिखाई देगा। लेकिन भारत में यह ग्रहण शाम के 6:00 बजे चंद्रोदय के साथ दिखेगा। क्योंकि यहां चंद्रोदय शाम 6:00 बजे हो रहा है। इसलिए यहां ग्रहण का दृश्य 6:00 बजे से ही दिखाई देगा। ग्रहण का सूतक काल 9 घंटे पूर्व अर्थात प्रातः 9:00 बजे से शुरू होगा। सूतक काल में मंदिरों के पट बंद रहेंगे। चूंकि सूतक काल में मंदिरों में प्रवेश, देवी-देवताओं का दर्शन पूजन, प्रतिमाओं का स्पर्श और भोग लगाना वर्जित माना गया है। सूतक काल और ग्रहण काल के दरमियान उत्सव मनाने या अन्य शुभ कार्य करने की भी मनाही होती है। भारत में इस ग्रहण की अवधि 48 मिनट होगा। फाल्गुन पूर्णिमा पर सदियों बाद लग रहे चंद्रग्रहण को लेकर लोगों में जहां उत्सुकता दिख रही है वहीं इस ग्रहण के समय बन रहे ग्रह-नक्षत्रों के कई उलटफेर योग के कारण परेशानियों के कई सबब भी दिख रहें हैं। रंगों का पवित्र त्यौहार होली के मौके पर लग रहा है यह चंद्र ग्रहण कई राशि के जातकों के लिए शुभ है तो वहीं कई राशि के जातकों के लिए अशुभ भी प्रतीत

- आज चंद्रमा का रंग होगा लाल, लगेगा साल का अंतिम चंद्र ग्रहण
- सुबह 9 बजे से शुरू होगा सूतक, बंद रहेंगे मंदिरों के पट, दर्शन-पूजन और दान पर रहेगा ब्रेक
- ग्रहण शाम 6 बजे से शुरू होगा और 6:48 पर होगा समाप्त



हो रहा है। आचार्य ने बताया कि यह ग्रहण सिंह राशि पर लग रहा है। ऐसे में सिंह राशि समेत अन्य राशि के जातकों को विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए। बताते चलें कि इससे पूर्व फाल्गुन अमावस्या को सूर्य ग्रहण लगा था। हालांकि सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं दिया था। लेकिन सूर्य ग्रहण से कई देश प्रभावित हुए थे। शास्त्रों के अनुसार एक महीने में जब दो-दो ग्रहण के योग बनते हैं तब तूफान, भूकंप, मानवीय भूल से बड़ी संख्या में जनहानि होने के योग बनते हैं। एक ही महीने में सूर्य और चंद्र ग्रहण होते हैं तो सेनाओं की हलचल बढ़ती है। सरकारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्राकृतिक आपदा आने के योग रहते हैं। चंद्र ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और सिंह राशि में घटित होगा। ऐसे इस नक्षत्र और राशि में जन्में व्यक्तियों को कष्टप्रद रहेगा। मंगलवार दिन को ग्रहण लगने से जन-धन की हानि तथा धातु व रस पदार्थों में तेजी भी ला सकता है। इसके साथ साथ ही लूटपाट, चोरी, डकैती, अग्नि कांड, प्रदर्शन आदि जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। ग्रीष्म और आगामी वर्षा ऋतु में फसलों में रोग का प्रकोप देखने को मिल सकता है। देश की राजनीति में काफी उथल-पुथल की स्थिति बनती दिख रही है।

**नौ घंटे पूर्व शुरू होगा ग्रहण सूतक**

चंद्र ग्रहण का सूतक काल 9 घंटे पहले ही लग जाता है। इसलिए 3 मार्च दिन मंगलवार को लग रहे चंद्र ग्रहण का सूतक काल सुबह 9:00 बजे से लग जायेगा। ग्रहण से पहले 3 प्रहर के लिए सूतक मनाया जाता है। चंद्र ग्रहण के सूतक काल में भगवान की मूर्तियों को स्पर्श न करें। पूजा-पाठ करने से बचें। भोजन न करें और सोएं नहीं। गर्भवती महिलाएं, बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

**चंद्र ग्रहण में न करें ये गलतियां**

चंद्र ग्रहण और इसके सूतक काल में कुछ खास गलतियां करने से बचना चाहिए। इसमें भगवान की पूजा-पाठ वर्जित होती है। ग्रहण या सूतक काल में भगवान की मूर्तियों को स्पर्श नहीं करना चाहिए। ग्रहण या सूतक काल में तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए। ग्रहण काल में भोजन करने या सोने की भी मनाही होती है। चंद्र ग्रहण के समय गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है। इसमें काटने, छीलने या सिलने का काम भी नहीं करना चाहिए। इसमें नुकीले या तेजधार वाले औजारों के इस्तेमाल की भी मनाही होती है।

## सम्पादकीय.....

# शांति की बातें, युद्ध की तैयारी

**आसमान** अभी भी धुंध और धुएं से भरा था, जब हमारी आंखें टीवी स्क्रीन पर चमकते लाल ब्लॉकों में फंस गईं। एक पल पहले तक यह सिर्फ. खबरें थीं–और अगले ही पल, यह हमारी ज़िन्दगी बन गई। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत हुई, जिसकी पुष्टि ईरानी राज्य मीडिया ने 1 मार्च को की। इस खबर ने दुनिया को झकझोर दिया, लेकिन हमारे भीतर का झटका और भी गहरा था। यह कोई दूर की लड़ाई नहीं थी–यह हमारी किताबों में, हमारी दीवारों में, हमारी सांसों में उतर गई। स्कूल की किताबें अब कागज नहीं रह गई थीं। वे बम के टुकड़ों में बदल गई थीं। हर पन्ना खून से सना था, हर अध्याय मौत की कहानी कहता था। बच्चे अब पढ़ेंगे कि छिपना और बचना ही उनका पाठ बन गया। हमारी पीढ़ी ने उन्हें विरासत दी है–एक ऐसी विरासत जिसमें ज्ञान और भय, दोनों सिखाए जाते हैं। हमने शांति की बातें कीं। 'डिप्लोमेसी चलेगी', कहा। लेकिन 28 फरवरी को ऑपरेशन शुरू हुआ, और हमारी आंखें फिर अंधेरी हो गईं। टीवी बंद हुआ। सोशल मीडिया को स्क्रॉल करते हुए सोचा, 'यह हमारी दुनिया से दूर है।' लेकिन यह सच नहीं था। ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमले हुए, अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है, इजराइल पर मिसाइलें गिरीं, हिज्बुल्लाह सक्रिय हुआ, और गल्फ में तेल सुविधाओं और जहाजों पर हमले हुए, आग और विस्फोट की खबरें आईं। और हम? हम खून से सनी किताबें तैयार कर रहे हैं। किताबें जो नई पीढ़ी को पढ़ाएंगी कि उनका भविष्य किस तरह जलता रहा, और उनकी आवाज कहां गुम हो गई। यह हमारी सच्चाई है, और हमारी चुप्पी–सबसे बड़ा अपराध। यह युद्ध नया नहीं है, लेकिन हमने इसे अपनी विरासत बना लिया है। 2025 में, जब इजराइल ने ईरान पर हमला किया, हमने इसे सिर्फ. 'सीमित संघर्ष' कहकर नजरअंदाज किया। जब ट्रंप ने घोषणा की कि 'ईरान को न्यूक्लियर हथियार नहीं मिलेंगे,' हमने उसकी चेतावनी को हंसी में उड़ा दिया। लेकिन अब, 2026 में, खामेनेई की मौत के बाद, तेहरान में नागरिक क्षेत्र प्रभावित हुए, अस्पतालों और स्कूलों पर असर की खबरें सामने आ रही हैं। हमारी पीढ़ी ने चुन लिया है- बच्चों को खून भरी किताबें थमाना, हथियार बेचना, और तेल के लिए आंखें मूंद लेना। और वही बच्चे अब पढ़ेंगे- हर अध्याय में मौत, हर पन्ने पर खून, और जिन किताबों में जीवन का कोई पाठ नहीं। एक बच्चा अपनी मां से पूछेगा, 'मां, यह किताब क्यों लाल है?' और जवाब नहीं मिलेगा। क्योंकि यह लाल नहीं, यह खून से सनी थी। हमारी पीढ़ी ने कहा, 'हम लड़ रहे हैं ताकि तुम सुरक्षित रहो,' लेकिन लड़ाई किससे थी- खुद से हमने घृणा बोई, नफरत उगाई। 'प्री-एम्प्टिव स्ट्राइक' की छाया में, मार का बोझ बच्चों पर पड़ा। युद्ध की छाया में रेडिएशन का खतरा मंडरा सकता है, कैंसर और बीमारियाँ पीढ़ियों को प्रभावित कर सकती हैं। हमने उन्हें क्या विरासत दी ऐसी किताबें जिनमें हर जन्म मौत की सजा पढ़ाता है, और जिनमें जीवन का कोई पाठ नहीं। यह सिर्फ. मिडिल ईस्ट की समस्या नहीं है। वर्ल्ड वॉर थ्री की आहट अब हर दिशा में गूंज रही है, हर खबर, हर रेडियो, हर स्क्रीन पर इसकी गूंज सुनाई देती है। पोल्स चीख रहे हैं- अमेरिका में 46%, ब्रिटेन में 43%, फ्रांस में उच्च प्रतिशत, जबकि जर्मनी में कम लोग अगले पाँच साल में ग्लोबल वॉर को संभावित मानते हैं। लेकिन हम सुन नहीं रहे। हम अपनी आंखें बंद करके नई पीढ़ी के लिए खून से सनी किताबें तैयार कर रहे हैं। बच्चे पढ़ेंगे- ऐसी किताबें जो न्यूक्लियर विंटर की कहानियां कहेंगी, जहां सूरज छिपा रहेगा, जहां फसलें उगना भूल जाएंगी, और भूख ही मृत्यु का दूसरा नाम बन जाएगी। यह हमारी विरासत है, और इसके साए में बढ़ती हर पीढ़ी अपनी पहली और आखिरी पाठशाला में मौत और विनाश ही देखेगी।

## किसने क्या कहा



भारत–कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द देंगे अंतिम रूप

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

बंगाल में सरकार बदलने पर सरकारी कर्मचारियों को 45 दिनों में मिलेगा डीए

**अमित शाह**
**गृहमंत्री**



# होलिका दहन पर वामपंथी कलुष

**विशेष** | **कैलाश चन्द्र**

> होलिका की कथा जितनी सरल है, उतनी ही गहन भी। कश्यप ऋषि और दिति की पुत्री तथा दिति की संतानों को स्वभाव वैचित्र्य के कारण दैत्य कहा गया है। सम्पूर्ण कथा श्रीमद्भागवत पुराण में बहुत विस्तार से कही गई है। भारतवर्ष में होने वाली अधिकांश भागवत कथाओं में भागवताचार्य अपनी कथा का प्रारम्भ यहीं से करते हैं। इस आधार पर होलिका दैत्यकुल की राजकुमारी व प्रिचिति की पत्नी और स्वरभानु की माता थी। वह एक संपूर्ण दैत्यवंशी, राक्षसी चरित्र है। उसका भाई हिरण्यकश्यप न केवल राजा था बल्कि अत्याचारी, अहंकारी और असुर प्रवृत्ति वाला शासक भी था। उसके सामने किसी शोषित समुदाय की कथा गढ़ना या उसे दलित नारी उत्पीड़न में बदल देना केवल अज्ञान नहीं एक सुनियोजित बौद्धिक छल है, जो भारतीय मिथकीय चेतना को वर्गीय, जातीय और जेंडरवादी चश्मे से दूषित करना चाहता है।

**भारत** की सांस्कृतिक स्मृति पर जितने हमले बाहरी आक्रांताओं ने नहीं किए, उससे कहीं अधिक गहरे और अधिक हमले आज के वैचारिक उपनिवेशवादियों ने किए हैं। यह हमला तलवारों का नहीं, शब्दों का है। यह आक्रमण सीमाओं का नहीं, स्मृति का है। वस्तुतः आज जो लोग होली, होलिका दहन और प्रह्लाद की कथा को एक दलित नारी को जलाए जाने की घटना बताकर प्रस्तुत करते हैं, वे न परंपरा जानते हैं और न कथा समझते हैं। वे सिर्फ भारत की सांस्कृतिक संचेतना को उसकी अपनी कहानी से काट देना चाहते हैं। होलिका की कथा जितनी सरल है, उतनी ही गहन भी। कश्यप ऋषि और दिति की पुत्री तथा दिति की संतानों को स्वभाव वैचित्र्य के कारण दैत्य कहा गया है। सम्पूर्ण कथा श्रीमद्भागवत पुराण में बहुत विस्तार से कही गई है। भारतवर्ष में होने वाली अधिकांश भागवत कथाओं में भागवताचार्य अपनी कथा का प्रारम्भ यहीं से करते हैं। इस आधार पर होलिका दैत्यकुल की राजकुमारी व प्रिचिति की पत्नी और स्वरभानु की माता थी। वह एक संपूर्ण दैत्यवंशी, राक्षसी चरित्र है। उसका भाई हिरण्यकश्यप न केवल राजा था बल्कि अत्याचारी, अहंकारी और असुर प्रवृत्ति वाला शासक भी था। उसके सामने किसी शोषित समुदाय की कथा गढ़ना या उसे दलित नारी उत्पीड़न में बदल देना केवल अज्ञान नहीं एक सुनियोजित बौद्धिक छल है, जो भारतीय मिथकीय चेतना को वर्गीय, जातीय और जेंडरवादी चश्मे से दूषित करना चाहता है।

**धर्म और अधर्म का स्पष्ट संदेश :** यहां सत्य सरल है। होलिका किसी अबला स्त्री की कथा नहीं है। वह वरदान से सशक्त, छल से प्रेरित और अधर्म की सहायक थी। ब्रह्मा ने उसे अग्नि प्रतिरोध का वरदान दिया था, किन्तु वह वरदान धर्म विरोधी कर्मों के लिए नहीं था। जब वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठती है तो उसका जलना कर्मफल है। यह अन्याय के अंत, अधर्म की पराजय और सत्य की विजय का प्रतीक है। यही पुराणों का स्वर है और यही भारतीय संस्कृति की जीवंतता का मूलाधार भी है। पर आज इस कथा को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करने वाले कल्चरल मार्क्सिज्म के प्रशिक्षित कार्यकर्ता इसे ह्वब्राह्मणों द्वारा स्त्री दहनह्व का उदाहरण बताते हैं। ये उनकी चाल पुरानी है। हर परंपरा को उत्पीडन का प्रमाण बनाओ। हर कथा को वर्ग संघर्ष के ढांचे में फिट करो। हर मूल्य को अपराधबोध में बदलो। वे राक्षसी को पीड़िता बना देते हैं, दैत्यकुल को जाति समूह कह देते हैं और धर्म-अधर्म की अनंत कथा को सत्ता विरोध के रंग में विकृत कर देते हैं। यही मानसिकता श्रीराम को साम्राज्यवादी, श्रीकृष्ण को चालबाज, माता दुर्गा को पीड़ित स्त्री और श्रीगणेश को उपहास का पात्र बना देती है।

**होलिका दहन का सांस्कृतिक अर्थ :** होलिका दहन का अर्थ किसी व्यक्ति, कुल या जाति का दमन नहीं है। यह जीवन की नकारात्मकता के दहन का संदेश है। यह नव वसंत, नवहर्ष, नई शुरूआत और सत्य के धारण एवं संरक्षण का पर्व है। इसमें प्रह्लाद की विजय, भक्ति की शक्ति और अधर्म के अंत का संदेश निहित है। इसे महिला विरोध, समाज विरोध या सत्ता विरोध की कहानी में बदलना हमारी परंपरा का नहीं बल्कि हमारी स्मृति का अपमान है।

**इतिहास के नाम पर फैलाया गया भ्रम :** भारतीय समाज को बांटने के लिए आज एक विचित्र वैचारिक नाटक रचा जा रहा है। यह कहा जा रहा है कि 'हिरण्यकश्यप' शूद्र था, शूद्र तप नहीं कर सकते और गुरुकुल नहीं जा सकते। यह इतिहास नहीं बल्कि वैचारिक क्षुद्रता का प्रमाण है। जिन लोगों ने न शास्त्र पढ़े और न पुराण समझे, वे आज सोशल मीडिया की अधूरी जानकारी के आधार पर एक संपूर्ण सभ्यता को अपराधी सिद्ध करने में लगे हैं।

**भारतीय चेतना का मूल सत्य :** वास्तविकता यह है कि होलिका और हिरण्यकश्यप भारतीय चेतना में सदियों से अहंकार और अधर्म के प्रतीक रहे हैं। गुरुकुलों की शिक्षा में शस्त्र और शास्त्र का अध्ययन करने के बाद अहंकार के कारण वे अधर्म के मार्ग पर चले और भक्त प्रह्लाद सत्य के प्रतीक बने। जो लोग इस सरल सत्य को भी 'सामाजिक न्याय' के चश्मे से विकृत करते हैं, वे न्याय के पक्षधर नहीं बल्कि भारतीय समाज को भीतर से तोड़ने वाले मानसिक उपनिवेशवाद के वाहक हैं।

**स्मृति और परंपरा की पुनर्स्थापना :** आज आवश्यकता किसी प्रतिक्रिया या प्रतिशोध की नहीं है। आवश्यकता है तथ्यों की पुनर्स्थापना की। हमें अपनी चेतना में सांस्कृतिक स्मृति को पुनः प्रखर करना होगा। परंपरा को आधुनिक राजनीतिक सिद्धांतों के ढांचे में कैद करने के स्थान पर उसके कालातीत संदेश को समझना होगा। यह संघर्ष एक कथा का न होकर भारतीय तत्वज्ञान, वांग्मय, दर्शन और वैचारिक संप्रभुता का है। इसलिए यह समझना सभी के लिए समान रूप से आवश्यक है कि 'होलिका' का जलना किसी स्त्री का दहन नहीं है। यह अत्याचार, असहिष्णुता, अधर्म, अनीति और असत्य के दहन का प्रतीक है। उसका अंत किसी समाज पर अत्याचार का नहीं बल्कि अधर्म की पराजय का उत्सव है।

# समावेशी विकास की ओर बढ़ता मध्य प्रदेश

**गौरतलब** | **प्रद्युम्न शर्मा**

> 'समावेशी बजट, सशक्त नागरिक' के नारे के साथ पेश किए गए इस बजट की थीम 'तेरा तुझको अर्पण' रखी गई है, जो यह संकेत देती है कि विकास का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। बजट का सबसे बड़ा फोकस ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन पर दिखाई देता है। इसी दिशा में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए 'विकसित भारत- रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के लिए 10,428 करोड़ रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है।

**मध्य** प्रदेश में इस साल मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष की पहली कृषि कैबिनेट जनजातीय बहुल जिले बड़वानी में होना और उसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में अनेक किसानों के हित में निर्णय लेने की दिशा में आगे बढ़ना आज बता रहा है कि राज्य विकास के धरातल पर अपनी किन प्राथमिकताओं को लेकर चल रहा है। इस दृष्टि से मध्य प्रदेश सरकार का वर्ष 2026-27 का बजट राज्य के विकास मॉडल को नए ढंग से परिभाषित करता नजर आता है। कहना होगा कि हाल ही में सामने आए मप्र के बजट में जहां एक ओर दीर्घकालीन योजनाओं के लिए वित्तीय प्रबंधन की रणनीति दिखाई देती है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने का स्पष्ट प्रयास भी झलकता है। 'समावेशी बजट, सशक्त नागरिक' के नारे के साथ पेश किए गए इस बजट की थीम 'तेरा तुझको अर्पण' रखी गई है, जो यह संकेत देती है कि विकास का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। बजट का सबसे बड़ा फोकस ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन पर दिखाई देता है। इसी दिशा में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए 'विकसित भारत- रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के लिए 10,428 करोड़ रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में अहम भूमिका निभा सकती है। राज्य सरकार का मानना है कि इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और पलायन की समस्या में भी कमी आएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को इस बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। वर्ष 2026-27 में इस विभाग के लिए कुल 40,103 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित किया गया है। यह राशि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने के लिए उपयोग की जाएगी। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार विभाग को अधिक बजट आवंटित किया गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि सरकार ग्रामीण विकास को अपने एजेंडे के केंद्र में रख रही है।

## आज का इतिहास

- भारतीय मुगल बादशाह अकबर ने 1575 में बंगाली सेना को तुकरोई की लड़ाई में पराजित किया।
- राजा राव नंदलाल मंडलोई ने 1716 में इंदौर शहर की स्थापना की थी।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1812 में पहला विदेशी सहायता बिल पास किया था।
- फ्लोरिडा 1845 में अमेरिका का 28वां राज्य बना था।
- चीन और फ्रांस–ब्रिटेन के बीच 1857 में युद्ध हुआ था।
- 1915 में की स्थापना नाका जो कि बाद में नासा बना।
- 1923 में टाइम पत्रिका का पहली बार प्रकाशन हुआ।
- कैल्विन कूलेज 1924 में व्हाइट हाउस से रेडियो संदेस प्रसारित करने वाले पहले अमेरिकि राष्ट्रपति बने।
- सऊदी अरब में कच्चे तेल की 1938 में खोज हुई थी।
- महात्मा गाँधी जी ने 1939 में 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' का प्रारम्भ किया।
- फ्रांस से उत्तर अफ्रीका के देश मोरक्को को 1956 में आजादी मिली थी।
- तुर्की एयरलाइंस का डीसी10 विमान 1974 में पेरिस के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया विमान में सवार लगभग सभी लोगों की मौत हो गई।
- सातवां गुटनिरपेक्ष सम्मेलन नयी दिल्ली में 1983 में संपन्न हुआ।
- आज ही के दिन ऑस्ट्रेलिया अधिनियम 1986 लागू होने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ब्रिटेन से पूर्ण रूप से स्वतंत्र हुआ था।
- पाकिस्तान के लाहौर में मैच खेलने जा रही श्रीलंकाई क्रिकेट टीम की बस पर 2009 में हथियारबंद लोगों ने गोलियां चला दीं।
- संयुक्त राष्ट्र ने 2013 में 3 मार्च को 'विश्व वन्य जीवन दिवस' के रूप में मनाने की आधिकारिक घोषणा की थी।
- भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति और टाटा समूह के संस्थापक जमशेद जी टाटा का 1839 में जन्म हुआ था।
- टेलीफोन का आविष्कार करने वाले अलेक्जेंडर ग्राहम बेल का 1847 में जन्म हुआ था।
- भारत के प्रसिद्ध अभिनेता और कॉमेडियन जसपाल भट्टी जी का 1955 में जन्म हुआ था।




## न देनेवाला मन

**एक** भिखारी सुबह-सुबह भीख मांगने निकला। चलते समय उसने अपनी झोली में जौ के मुट्ठी भर दाने डाल लिए। टोटके या अंधविश्वास के कारण भिक्षाटन के लिए निकलते समय भिखारी अपनी झोली खाली नहीं रखते। थैली देख कर दूसरों को लगता है कि इसे पहले से किसी ने दे रखा है। पूर्णिमा का दिन था, भिखारी सोच रहा था कि आज ईश्वर की कृपा होगी तो मेरी यह झोली शाम से पहले ही भर जाएगी। अचानक सामने से राजपथ पर उसी देश के राजा की सवारी आती दिखाई दी। भिखारी खुश हो गया। उसने सोचा, राजा के दर्शन और उनसे मिलने वाले दान से सारे दरिद्र दूर हो जाएंगे, जीवन संवर जाएगा। जैसे-जैसे राजा की सवारी निकट आती गई, भिखारी की कल्पना और उत्तेजना भी बढ़ती गई। जैसे ही राजा का रथ भिखारी के निकट आया, राजा ने अपना रथ रुकवाया, उतर कर उसके निकट पहुंचे। भिखारी की तो मानो सांसें ही रुकने लगीं। लेकिन राजा ने उसे कुछ देने के बदले उलटे अपनी बहुमूल्य चादर उसके सामने फैला दी और भीख की याचना करने लगे। भिखारी को समझ नहीं आ रहा था कि क्या करे। अभी वह सोच ही रहा था कि राजा ने पुन? याचना की। भिखारी ने अपनी झोली में हाथ डाला, मगर हमेशा दूसरों से लेने वाला मन देने को राजी नहीं हो रहा था। जैसे-तैसे कर उसने दो दाने जौ के निकाले और उन्हें राजा की चादर पर डाल दिया।

## सुविचार

जो अप्राप्त वस्तु के लिए चिंता नहीं करता और प्राप्त वस्तु के लिए सम रहता है, वह संतुष्ट कहा जा सकता है।

**महोपनिषद**

जल से शरीर शुद्ध होता है, मन से सत्य शुद्ध होता है, विद्या और तप से भूतात्मा तथा ज्ञान से बुद्धि शुद्ध होती है।

**मनुस्मृति**

## राशिफल

**मेष** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**वृष** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**मिथुन** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**कन्या** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुला** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ड्डषचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकर** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

# दुनियाभर की साजिशों का शिकार एशिया

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**एशिया** का भू-राजनीतिक परिदृश्य सदियों से संघर्ष, हस्तक्षेप और साजिशों से घिरा रहा है। यह महाद्वीप न केवल जनसंख्या और संस्कृति का केंद्र है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से भी विश्व का सबसे समृद्ध क्षेत्र माना जाता है। फिर भी, विडंबना यह है कि यही एशिया बार-बार युद्धों, अस्थिरता और गरीबी की आग में झोंका जाता रहा है। आज ईरान-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ता तनाव हो या कंबोडिया-थाईलैंड के बीच सीमा संघर्ष, ये घटनाएँ मात्र संयोग नहीं लगतीं। इनके पीछे एक व्यापक वैश्विक रणनीति काम करती दिखती है, जिसमें एशिया को अशांत रखकर बाहरी शक्तियाँ अपने हित साधती हैं। एशिया जले, और विकसित देशों की तिजोरियाँ भरें–यही इस राजनीति का नंगा सच है। ग्लोबल साउथ के देश संसाधनों से भरपूर हैं, लेकिन निर्णय-शक्ति से वंचित। तेल, गैस, कोयला, दुर्लभ खनिज, उपजाऊ भूमि और युवा जनसंख्या–सब कुछ होने के बावजूद ये देश कर्ज, बेरोजगारी और अस्थिरता में फँसे रहते हैं। इसका मूल कारण केवल आंतरिक कमजोरियाँ नहीं, बल्कि वह वैश्विक व्यवस्था है जो दशकों से इन्हें निर्भर बनाए रखने के लिए गढ़ी गई है। विकसित देशों ने औपनिवेशिक काल में जिस लूट की शुरूआत की थी, वही आज नए रूप में जारी है–कभी मुक्त व्यापार के नाम पर, कभी लोकतंत्र और मानवाधिकारों की आड़ में। ईरान-पाकिस्तान तनाव इसका ताजा उदाहरण है। ईरान पर लंबे समय से लगे प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है, जबकि पाकिस्तान लगातार विदेशी कर्ज और आर्थिक दबाव में जी रहा है। ऐसे में सीमा पर उभरता तनाव केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रह जाता। बलूचिस्तान जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अस्थिरता दोनों देशों को आमने-सामने खड़ा कर सकती है। यदि यह तनाव बढ़ता है, तो पूरे दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया में ऊर्जा मार्ग बाधित होंगे। तेल और गैस की कीमतें बढ़ेंगी, जिसका सीधा लाभ वैश्विक बाजारों पर नियंत्रण रखने वाली शक्तियों को मिलेगा। युद्ध भले एशिया में हो, लेकिन मुनाफा कहीं और दर्ज होगा। इतिहास गवाह है कि बाहरी ताकतें अक्सर स्थानीय विवादों को हवा देकर अपने हित साधती रही हैं। कभी वे मध्यस्थ बनकर सामने आती हैं, तो कभी सैन्य सहायता और सुरक्षा के नाम पर अपने ठिकाने स्थापित कर लेती हैं। अफगानिस्तान इसका ज्वलंत उदाहरण है, जहाँ दशकों तक युद्ध चला, समाज टूट गया, और अंततः वही देश सबसे अधिक तबाह हुआ, जिसे 'मदद' देने का दावा किया गया था। ऐसे ही हालात एशिया के अन्य हिस्सों में भी दोहराए जा रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया में कंबोडिया-थाईलैंड विवाद भी इसी रणनीति की कड़ी प्रतीत होता है। सीमा क्षेत्रों में मौजूद मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों को लेकर तनाव कोई नया नहीं, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें जिस तरह सैन्य रंग घुला है, वह चिंताजनक है। यह क्षेत्र दुर्लभ खनिजों से समृद्ध माना जाता है, जिनकी मांग नई तकनीकों और ऊर्जा परिवर्तन के दौर में तेजी से बढ़ रही है। जब दो पड़ोसी देश आपस में उलझते हैं, तो बाहरी शक्तियों के लिए हस्तक्षेप आसान हो जाता है। सैन्य सहायता, निवेश और कर्ज के बदले संसाधनों तक पहुँच बना ली जाती है। अंततः नुकसान स्थानीय जनता का होता है–पर्यावरण विनाश, विस्थापन और आर्थिक असमानता के रूप में।

# जीएसटी संग्रह ने फिर दिखायी भारत की आर्थिक ताकत

**गौरतलब** | **डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

> फरवरी 2026 में जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जोकि पिछले वर्ष इसी महीने 1.69 लाख करोड़ रुपये था। यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि देश की आर्थिक गतिविधियों में निरंतर विस्तार हो रहा है। विशेष रूप से आयात और घरेलू खपत दोनों में तेजी ने कर संग्रह को मजबूती दी है ।यह आंकड़ा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वैश्विक स्तर पर आर्थिक चुनौतियां और आपूर्ति शृंखला में अनिश्चितता बनी हुई है।

**भारत** की अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक बार फिर कर संग्रह के ताजा आंकड़ों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। फरवरी 2026 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 8.1 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज होना यह बताता है कि घरेलू मांग, आयात गतिविधियों और कर ढांचे की स्थिरता मिलकर अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार दे रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह बढ़त उस समय सामने आई है जब सरकार ने हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती और टैक्स ढांचे को सरल बनाने जैसे बड़े सुधार लागू किए हैं। फरवरी 2026 में जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जोकि पिछले वर्ष इसी महीने 1.69 लाख करोड़ रुपये था। यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि देश की आर्थिक गतिविधियों में निरंतर विस्तार हो रहा है। विशेष रूप से आयात और घरेलू खपत दोनों में तेजी ने कर संग्रह को मजबूती दी है ।यह आंकड़ा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वैश्विक स्तर पर आर्थिक चुनौतियां और आपूर्ति शृंखला में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे माहौल में भारत का राजस्व संग्रह स्थिर वृद्धि दिखा रहा है, जोकि आर्थिक मजबूती का स्पष्ट संकेत है।

**घरेलू मांग में सुधार बना मुख्य आधार :** जीएसटी संग्रह में वृद्धि का एक बड़ा कारण घरेलू मांग में सुधार रहा है। फरवरी में घरेलू सकल राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा ।यह संकेत देता है कि उपभोक्ता खर्च में धीरे-धीरे तेजी आ रही है। त्योहारों के बाद भी खपत का स्तर मजबूत बना रहना इस बात की पुष्टि करता है कि भारत की आंतरिक मांग अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी इंजन बन चुकी है। खासतौर पर खुदरा बाजार, सेवा क्षेत्र और विनिर्माण गतिविधियों में सुधार का असर कर संग्रह पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

**आयात से राजस्व में तेज उछाल :** फरवरी के आंकड़ों में एक और उल्लेखनीय पहलू आयात से मिलने वाले कर राजस्व में तेज वृद्धि है। आयात से प्राप्त सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह वृद्धि दो महत्वपूर्ण संकेत देती है; पहला, भारत में औद्योगिक उत्पादन और उपभोग के लिए कच्चे माल और उत्पादों की मांग बढ़ रही है; दूसरा, वैश्विक व्यापार में भारत की भागीदारी सक्रिय बनी हुई है।

**जीएसटी 2.0 सुधारों के बावजूद स्थिर वृद्धि :** सितंबर 2025 में सरकार ने जीएसटी ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटा दी थीं। इसके साथ ही चार टैक्स स्लैब को घटाकर दो प्रमुख स्लैब 05 प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दिया गया ।सुधार लागू होने के शुरूआती महीनों में संग्रह में हल्की गिरावट देखी गई थी। नवंबर 2025 में जीएसटी संग्रह घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था। लेकिन इसके बाद अर्थव्यवस्था ने तेजी से संतुलन स्थापित किया और दिसंबर में संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये तथा जनवरी में 1.93 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### एसएन त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर 12 अधिवक्ता होंगे सम्मानित

**मेदिनीनगर** : पलामू के पीडीजे होंगे मुख्य अतिथि।12 अधिवक्ता होंगे सम्मानित। भूतपूर्व विधायक व वरीय अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी का 39 वा पुण्यतिथि व अधिवक्ता सम्मान समारोह 8 मार्च रविवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ भवन में मनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी कार्यक्रम के संयोजक व स्वर्गीय त्रिपाठी के नाती व वरीय अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 12 अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जाएगा ।श्री दुबे ने बताया कि सचिदानंद त्रिपाठी सदर प्रखंड के रजवाड़ीह गांव के निवासी थे। उन्होंने 1962 से 1967 तक डाल्टनगंज विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने वकालत के पेसे में काफी नाम कमाया था। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष स्वर्गीय त्रिपाठी के नाती अधिवक्ता शशि भूषण दुबे उनके याद में अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन करते हैं। जिसमें अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते है। शशि भूषण दुबे ने बताया कि स्वर्गीय त्रिपाठी की मृत्यु 8 मार्च 1987 को हो गई थी। वे रांची उच्च न्यायालय में भी प्रैक्टिस करते थे।

### थाना से 200 मीटर दूर बड़ी चोरी, पुलिस गश्ती पर उठा सवाल

**घाघरा** : घाघरा थाना क्षेत्र में पुलिस गश्ती को ठेंगा दिखाते हुए बेखौफ चोरों ने रविवार रात एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर, बैंक ऑफ इंडिया शाखा से सटी प्रसिद्ध हॉट एंड कोल्ड बेकरी शॉप को चोरों ने निशाना बनाया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार, गल्ले में रखे करीब 5-6 हजार रुपये नकद समेत कई महंगे सामान चोरी कर लिए गए। चोरी गए सामानों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद आसपास के व्यापारियों में आक्रोश और दहशत का माहौल व्याप्त है। संवेदनशील क्षेत्र में वारदात, सुरक्षा पर सवाल, यह दुकान बैंक से सटी होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र मानी जाती है। ऐसे में घाघरा थाना की इतनी नजदीकी में हुई चोरी ने पुलिस की रात्रि गश्ती व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि जब थाना क्षेत्र में ही दुकानें सुरक्षित नहीं हैं, तो अन्य इलाकों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

# कैलाश राय विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह के आयोजन पर विद्यालय के प्राचार्य आनंद मोहन ने बताया की होली रंगों का पर्व है और यह भाईचारे का भी पर्व है। इसमें विद्यालय के सभी आचार्य एवं समिति के सदस्य तथा शिशु वाटिका के भैया बहनों की भी सहभागिता रही। जिसमें उन्होंने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर उत्साह पूर्वक होली मिलन समारोह को मनाया। विद्यालय सामाजिक चेतना का केंद्र होता है अतः विद्यालय की सहभागिता यह बतलाती है की विद्यालय समाज का है और समाज विद्यालय का है। इस कार्यक्रम में लोगों ने होली का गायन किया और सबों ने इसका आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष अशोक राय, सदस्य मुंशी यादव, मीनाक्षी गुप्ता, प्रभारी मनोज कुमार सिंह, आचार्य प्रदीप कुमार, विजय कुमार मिश्रा, नीरज सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, दीपक विश्वकर्मा, उमाशंकर कुमार, पवन शर्मा, कुमार मुरलीधर, विजय तिवारी, चंद्रशेखर कुमार, विक्रम कुमार, धीरज कुमार पांडे, रंजीत कुमार, जितेश महतो, प्रभात सौरभ, प्रणव प्रभास, उदय कुमार यादव, कुमारी रानी प्रसाद, श्वेता श्रीवास्तव, शर्मिष्ठा शाहा, सोनी कुमारी, अर्चना सिंहा, चंद्रकावेरी निहाल, रिमझिम कुमारी, मोनिका कुमारी आदि उपस्थित रहे। अंत में होली की शुभकामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## होली पर क्या है बड़कुल्ला पूजा का महत्व? महिलाएं रखती हैं खास व्रत, रोज-रोज के क्लेश से मिलेगी मुक्ति!

**झुमरी तिलैया** : रंगों का त्योहार होली हर किसी के लिए खास है। अभ्रकांचल में होली पर्व को लेकर मारवाड़ी समाज की महिलाएं खास परंपरा निभाते हुए विधि विधान से पूजा पाठ करती हैं और समाज की सुख-समृद्धि के लिए कामना करती हैं। मारवाड़ी महिलाएं भी सदियों से एक खास परंपरा निभा रही हैं। इस परंपरा और विधि-विधान वाली पूजा को महिलाओं ने बड़कुल्ला नाम दिया है। होलिका दहन स्थल पर होलिका पूजा के साथ ढाल के स्थापित कर 5 बार परिक्रमा कर होली पर्व पर इसकी पूजा की जाती है। दिनभर व्रत रहने के बाद शाम को फिर इसकी पूजा कर महिलाओं द्वारा व्रत तोड़ा जाता है।

**बड़कुल्ला पूजा का महत्व**

**बिमला** शर्मा ने बताया कि पूजा का महत्व बुराई पर अच्छाई की जीत है। होली के 15 दिन पहले हम सब बडकुल्ले बनाते हैं, जो गोबर से तैयार होते हैं। एकादशी को हम खेल खिलौने बनाते हैं। होली माता की मूर्ति बनाते हैं। होली वाले दिन माला बनाकर हम सब फिर परिक्रमा करते हैं। नए-नए पकवान तैयार करते हैं। दिनभर व्रत रहने के बाद शाम को पूजा पाठ के बाद इस व्रत का परायण करते हैं। इसे हम सबने बड़कुल्ला नाम दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे अंदर जो बुराइयां हैं, वह खत्म हो सकें। इसके लिए मारवाड़ी समाज के लोग इस परंपरा को वर्षों से निभा रहे हैं। स्थानीय सीमा सहल ने बताया यह पूजा हम अमावस्या से 15 दिनों तक करते हैं और बेटे की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखने की परंपरा निभाते हैं। राणिक मान्यता के अनुसार होलिका मां ने प्रहलाद की रक्षा की थी। हम भी मां से अपने बेटे की रक्षा और दीघार्यु की कामना के लिए यह पूजा-पाठ करते हैं। एक और महिला ने बताया हम सब व्रत रखते हैं और 15 दिनों तक यह पूजा-पाठ चलता है।

## होलिका दहन स्थल पर रंगोली बनी आकर्षण का केन्द्र



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)** : शहर की हृदय स्थली झंडा चौक और स्टेशन के बीच भक्त प्रह्लाद चौक पर सोमवार को होलिका दहन स्थल पर रंगोली आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी। इस मार्ग से होकर चलने वाले राहगीर रंगोली के साथ सेल्फी लेते नजर आ आये। साथ ही इसे इंटरनेट मीडिया पर शेयर करते दिखे। पुजारी रामप्रवेश पांडेय ने बताया कि रात में 4.45 बजे होलिका दहन किया जाएगा। यहां राजस्थानी समाज की नवविवाहित महिलाएं गणगौर पूजा के पूर्व परिक्रमा करने के लिए पहुंची। शहर के 28 वार्ड से बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालु भक्त पहुंचते हैं। इधर होलिका दहन कमिटी के बिट्टू पहाड़ी, गिरधारी सोनकर, जोशी कुमार, गुड्डू पहाड़ी, मनीष चरण पहाड़ी, रितेश लोहानी, शशांक सोनकर, मोंटी जैन, सूरज कसेरा, विनोद कसेरा आदि होलिका दहन की तैयारियों में लगे हुए हैं। यहां प्रसाद के लिए देसी घी का सवा क्विंटल बुंदिया बांटा गया तथा देर रात ठंढई जा वितरण हुआ।

## योग परिवार गुमला का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**गुमला** : योग परिवार गुमला द्वारा बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में सभी योग सदस्यों ने एकत्रित होकर पारंपरिक उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया।

**उल्लास के साथ खेली गयी होली**

**सदस्यों** ने गुलाल और अबीर लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। झाल, मंजीरा और ढोलक की थाप पर झूमर एवं फगुआ गीत गाए गए। पूरे परिसर में उत्सव का रंग और आपसी प्रेम-सौहार्द का वातावरण बना रहा। अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा, आज का दिन हमारे लिए अत्यंत खुशी का अवसर है। हम सभी ने मिलकर परिवार की तरह होली का उत्सव मनाया। यह पर्व हमें एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने और संबंधों को मजबूत करने का संदेश देता है। समारोह को सफल बनाने के लिए मैं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं।

**अल्पाहार के साथ समापन**

**कार्यक्रम** के अंत में सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से अल्पाहार का आनंद लिया। इस अवसर पर सचिव संजय साहू, कोषाध्यक्ष डॉ. शंकर लाल जाजोदिया, सह सचिव विशाल कुमार बिट्टू, संगठन मंत्री जयकांत राय, उपाध्यक्ष संतोष झा, संरक्षक शिवकुमार लाल, गुलाबचंद प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, ओमप्रकाश साहू, मीडिया प्रभारी कृष्ण सोनी, सतीश बड़ाईक, सुदामा बढ़ाइक, सूदन सिंह, मनीष साहू सहित विशेष अतिथि संजय सिंह, लालबाबू, शिव प्रसाद चौधरी, शशि किरण जायसवाल, अनुराधा प्रसाद, रीता लाल, कांति देवी, सरिता देवी, जय श्री देवी, राजलक्ष्मी लकड़ा, आरती सोनी एवं राखी देवी उपस्थित रहे।

## गुमला जिला प्रशासन ने होली पर्व को लेकर नियंत्रण कक्ष स्थापित, अफवाहों से दूर रहने की अपील

**गुमला** : होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए जिला प्रशासन ने 03 मार्च 2026 से 05 मार्च 2026 तक जिला नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) सक्रिय कर दिया है। नागरिक किसी भी आपात स्थिति, सूचना या सहायता के लिए +91 97981 48089 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से विशेष अपील की है कि कोई भी जानकारी बिना पुष्टि के मीडिया या सोशल मीडिया पर न साझा करें। अफवाह, भ्रामक या भड़काऊ संदेश, फोटो और वीडियो पर विश्वास करने से बचें और उन्हें आगे न बढ़ाएं। किसी भी सूचना पर संशय होने पर इसकी पुष्टि सीधे जिला नियंत्रण कक्ष से करें। प्रशासन रेडियो, टीवी, स्थानीय चैनलों, समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों से आवश्यक दिशा-निदेर्शों का प्रचार-प्रसार करेगा। पुलिस मीडिया सेल के सहयोग से सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जाएगी, ताकि अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक सामग्री पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का पर्व है और सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे संयम और जिम्मेदारी के साथ पर्व मनाएं तथा शांति और सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## भवनाथपुर थाना परिसर में चैता व होली मिलन समारोह का आयोजन, सौहार्द का दिया संदेश



**भवनाथपुर (गढ़वा)** : भवनाथपुर थाना परिसर में शनिवार को थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में चैता एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पारंपरिक चैता गीतों की प्रस्तुति दी गई, वहीं होली के रंगों के साथ आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश देना था। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का पर्व है। इसे शांति और मर्यादा के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन पर्व के दौरान पूरी तरह मुस्तैद रहेगा और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग से ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रह सकती है। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आपसी दूरी को कम करने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। समारोह हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## भवनाथपुर पुलिस ने रैली निकाल कर दिया सुरक्षा और सौहार्द का भरोसा



**भवनाथपुर** : भवनाथपुर पुलिस ने आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को एक बाइक रैली निकाली। इस रैली का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने किया। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति और सौहार्द का संदेश दिया ।बाइक रैली की शुरूआत भवनाथपुर थाने से हुई। यह रैली खरौंधी मोड़ होते हुए छमईलवा, चेरवाडीह, बनखेता अरसली होते हुए कैलान से रैली का समापन पुनः थाने पर हुआ। रैली के दौरान पुलिसकर्मियों ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से संवाद किया। उन्होंने सभी से त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने बताया कि होली महत्वपूर्ण पर्व हैं, और इनमें सामाजिक समरसता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की भी अपील की। इस रैली में सभी भवनाथपुर पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## पार्षद पिंकी जैन का जैन समाज और वार्ड की जनता ने किया भव्य अभिनन्दन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : वार्ड पार्षद पिंकी जैन के लगातार तीसरी बार हैट्रिक जीत पर जैन समाज एवं वार्ड की जनता के द्वारा उन्हें सम्मानित कर बधाई दी गई जैन भवन में समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष मंत्री एवं महिला समाज के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया झांझरी परिवार, मनोज कासलीवाल परिवार, प्रदीप छाबड़ा फ्लोर मिल परिवार, प्रदीप पांडया परिवार के द्वारा अपने आवास स्थल एवं राजगढ़िया रोड में वहां की सैकड़ो जनता ने उनका स्वागत अभिनंदन किया इस मौके पर समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा ने कहा कि पिंकी जैन समाज की गौरव है एवं महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहती है एवं अपने वार्ड नंबर 10 में उन्होंने विकास का ऐतिहासिक कार्य किया है उन्हें काम के आधार पर ही वहां की जनता ने भरपूर समर्थन देकर उन्हें विजई बनाया है महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी एवं आशा गंगवाल ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में सशक्त है जनप्रतिनिधि को पद पर आने के बाद समर्पण भावना से काम करना चाहिए।

## सांसद ने उपायुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर उपायुक्त कार्यालय, कोडरमा में सांसद अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में उपायुक्त ऋतुराज एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान केंद्र सरकार द्वारा जिले को प्रदत्त निर्भया फंड के समुचित एवं प्रभावी उपयोग की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने निर्देश दिया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्धारित संसाधनों का पूर्ण लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे। इसके अतिरिक्त तिलैया डैम में पर्यटन संबंधी सुविधाओं के उन्नयन पर भी चर्चा की गई। माननीय सांसद ने कहा कि पर्यटन विकास से स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बैठक में करमा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। सांसद ने निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना क्षेत्र के विकास का प्रमुख आधार है। माननीय सांसद ने स्पष्ट किया कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र में महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तथा आधारभूत संरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और इन विषयों पर निरंतर निगरानी एवं समन्वय बनाए रखा जायेगा।

# भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में 59वां श्री रामचरितमानस यज्ञ 19 मार्च से

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : रेड़मा ठाकुरबाड़ी मंदिर के पावन प्रांगण में 59वां श्री रामचरितमानस यज्ञ 19 मार्च से श्रद्धा,भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच प्रारंभ होगा। यज्ञ का शुभारंभ 18 मार्च की संध्या बेला में विधिवत हनुमंत पूजन के साथ किया जाएगा ।मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, घंटा-घड़ियाल और भजन-कीर्तन से भक्तिमय वातावरण का सृजन होगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष मनीष तिवारी (रिंकू)ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यज्ञ क्षेत्र की आध्यात्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण आयोजन है ।जो वर्षों से श्रद्धालुओं को धर्म,संस्कृति और मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों से जोड़ता आ रहा है। इस अवसर पर भारत की सुविख्यात मानस कोकिला देवी चंद्रकला अपनी मधुर वाणी में संगीतमय रामचरितमानस का पाठ एवं व्याख्यान प्रस्तुत करेंगी जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। साथ ही अन्य विद्वान मानस वक्ता भी अपने अमृतमय प्रवचनों से धर्मप्रेमियों का मार्गदर्शन करेंगे। यज्ञ के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु समिति का गठन किया गया



है ।प्रवीण तिवारी (बंटू) को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि संतोष तिवारी (पिंकू) मंत्री होंगे। मनोज तिवारी (पिंटू),सत्य प्रकाश (मोनू)एवं पारस विश्वकर्मा उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। विनय प्रसाद संगठन मंत्री तथा पंकज सिंह सह संगठन मंत्री बनाए गए हैं। विकास तिवारी भंडारा एवं प्रसाद व्यवस्थापक, संदीप विश्वकर्मा पूजा पंडाल व्यवस्थापक, भानु पांडेय कार्यालय मंत्री के रूप में दायित्व निभाएंगे। मार्गदर्शक मंडल में कुणाल शांति प्रिय, बबलू तिवारी, गुड्डू तिवारी, धनंजय तिवारी, सुशील तिवारी एवं अखिलेश तिवारी को शामिल किया गया है। वहीं, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में छोटू पाठक, श्याम देव तिवारी, आर्यन तिवारी, पिंटू,संजय राम, लल्लू राम, कालु, गौतम, बलवंत एवं बबलू विश्वकर्मा को दायित्व दिया गया है ।यज्ञ के सफल संचालन और समन्वय स्थापित करने के लिए नवीन तिवारी को समन्वय समिति का सदस्य एवं मीडिया प्रभारी बनाया गया है। समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रभु श्रीराम की कथा,भजन-कीर्तन और यज्ञ में सहभागिता कर अपने जीवन को धर्ममय एवं पुण्यमय बनाएं। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम है बल्कि समाज में सद्भाव, संस्कार और एकता का संदेश भी देता है।


**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/47/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/47/2025-26 | चौपारण | प्रखण्ड–चौपारण पंचायत–दैहर ग्राम सोहरा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोहरा का जीर्णोद्धार कार्य। | 3620700.00 | 72500.00 | 5000.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 09.03.2026 से दिनांक 15.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 373956 Rural Development(25-26)D



**MINOR IRRIGATION DIVISION,KHUNTI**

**e-Procurement Notice**

**Short Re-Tender Reference No.-WRD/MID/KHUNTI/$F_2$-17/2025-26**

**Date :-28.02.2026**

| | Group No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs. In Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1. | 01 | Construction of Singal Check Dam scheme at Bandapari Nala,Block-Rania,Distt.-Khunti._ | 49.66871 Lakh |
| | 02 | Construction of Check Dam at Angrabari Nala,Block-Torpa,Dist.-Khunti | 41.48404 Lakh |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Time of Completion | 335 Days |
| 3. | Date of Publication of E - Tender on website | 12.03.2026 at 2.00 PM |
| 4. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 18.03.2026 up to 5:00 PM |
| 5. | Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal **(jharkhandtenders.gov.in)** 18.03.2026 up to 5:00 pm |
| 6. | Date of Opening Tender | 20.03.2026 at 2:00 PM |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti. |
| a. | Contact no. & Email ID of e-Procurement officer | 06528-295012 midivkhunti@gmail.com |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

**Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
Minor Irrigation Division, Khunti

PR 373945 Minor Irrigation(25-26)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –62/2025–26**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 10.3.2026 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 11.3.2026 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11.3.2026 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Seepage repair and Renovation, improvement of water supply and sewerage with changing of all sanitary fittings of General bathroom ( Gents, Ladies & Disabled) near canteen (GROUND FLOOR NORTH) in the ma in building of New Jharkhand vidhansabha, Kute under D.W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 9,91,966.00 | 19900.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 2 | Provision of water supply by construction of 3Nos. HYDT with Installation of 3Nos of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor and necessary water supply pipe line, & Its allied works near commandant office, Near parade ground in the campus of JAP-3, Govindpur, Dhanbad, Ranchi. under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 19,64,259.00 | 39300.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 3 | Construction of 10 Nos. of toilet & 5 Nos. Changing room with all arrangment of water supply and sewerage including construction of septic tank and soak pit for gents near parade ground Jharkhand Armed police-3, Govindpur, Dhanbad ,Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 23,32,705.00 | 46700.00 | 5000.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची।

PR 373984 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

## एक झलक

### स्मैक के साथ बाइक पर सवार दो युवक गिरफ्तार

**अररिया** : जिले की जोगबनी थाना पुलिस ने शनि मंदिर टिकुलिया बस्ती के पास वाहन चेकिंग के क्रम में बाइक पर सवार दो युवक को 198.96 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।गिरफ्तार युवक जोगबनी के पासवान टोला वार्ड संख्या 16 के 19 वर्षीय राजकुमार उर्फ राजा पासवान और खजूरबाड़ी कॉलोनी वार्ड संख्या 15 के रहने वाले 20 वर्षीय छोटू कुमार राम पिता स्व रामप्रसाद राम है।जानकारी सोमवार को फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने जोगबनी थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। फारबिसगंज एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि बीआर 38 क्यू 7481 नंबर की बाइक से स्मैक की तस्करी कर दो युवक ले जा रहा है।एसपी जितेन्द्र कुमार के निर्देश पर फारबिसगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने शनि मंदिर टिकुलिया बस्ती के पास वाहन चेकिंग की,जिस क्रम में इस नंबर की बाइक आने पर तलाशी लेने के क्रम में स्मैक के बरामदगी की गई।पुलिस ने मोटरसाइकिल के साथ दो मोबाइल भी जब्त किया है।

### सरोजिनी नायडू की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**अररिया** : फारबिसगंज के तिरसकुंड के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में सोमवार को भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित की गई। मौके कर बच्चों को सरोजिनी नायडू के जीवनी के बारे में जानकारियां दी गई। शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने सरोजिनी नायडू के बारे में कहा कि उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ था। वहीं पूर्व प्रधानाध्यापक कुमार राजीव रंजन ने उनके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत कोकिला नाम से प्रसिद्ध सरोजिनी नायडू 12 वर्ष की उम्र में मैट्रिक परीक्षा पास की थी। परंतु आगे की पढ़ाई न कर सकी।अंग्रेजी कविता में उन्होंने प्रसिद्धि हासिल कर ली थी, वह स्वतंत्रता सेनानियों में शुमार हुई। उन्होंने महात्मा गांधी व गोखले से मिलकर भारत छोड़ो आंदोलन व सत्याग्रह आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग ली और जेल का सफर भी तय किया। अपनी कविता को इतनी सुरीली आवाज में सुनाती थी कि महात्मा गांधी ने उन्हें भारत कोकिला के नाम की उपाधि प्रदान की। इस तरह उन्हें कोकिला के नाम से जाने जाने लगा।

### अवैध हथियार के साथ 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**पटना** : पटना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मनेर थाना क्षेत्र के हुलासी टोली में छापामारी कर अवैध हथियार के साथ 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। नगर पुलिस अधीक्षक, पटना (पश्चिमी) भानू प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं और उनके पास अवैध हथियार भी मौजूद हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारी के निर्देशन में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा उक्त स्थल पर छापेमारी की गयी।

शहीद सुबेदार संतोष कुमार की पत्नी को उपमुख्यमंत्री ने सौंपे 01 एकड़ जमीन के कागजात, बोले

# शहीदों के परिजनों के साथ है सरकार

एजेंसी

**पटना** : बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गया जिले के गुरुआ प्रखंड में मां भारती के सपूत शहीद सुबेदार संतोष कुमार की पत्नी कनक कुमारी को 1 एकड़ बंदोबस्त जमीन के कागजात सौंपे । यह जमीन परैया अंचल के मौजा मंझियावां, थाना संख्या 126, खाता संख्या 331, खेसरा संख्या 2340 में स्थित है, जिसका रकबा 1.00 एकड़ है।



**सोमवार को कागजात सौंपने के बाद**

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद सुबेदार संतोष कुमार ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। एनडीए सरकार शहीदों की शहादत को नमन करती है और उनके परिजन के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि बलिदानियों के सपनों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सम्राट चौधरी ने कहा-मेरे पिता भी सैनिक थे और उन्होंने तीन-तीन युद्ध लड़े हैं। मैं सैनिक परिवार के त्याग और समर्पण को भली-भांति समझता हूं। बिहार और दिल्ली की एनडीए सरकार शहीद परिवारों के सम्मान और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में अमोखर स्थित शहीद सुबेदार संतोष कुमार की प्रतिमा का अनावरण करते हुए बलिदानी परिवार से जमीन देने का वादा किया था, जिसे पूरा किया।सुबेदार संतोष कुमार फरवरी 2025 में लेह-लद्दाख में हुए एक बम विस्फोट में शहीद हो गए थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिवार के हर सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान गुरुआ विधायक श्री उपेंद्र प्रसाद, गया जी के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय उपसमाहर्ता परितोष कुमार मौजूद रहे।

# बेतिया शिक्षा विभाग के सहायक अभियंता 5 लाख घूस लेते गिरफ्तार

एजेंसी

**बेतिया** : बेतिया स्थित शिक्षा विभाग के सहायक अभियंता रौशन कुमार को पटना से आयी निगरानी की टीम ने पांच लाख रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। रौशन कुमार की गिरफ्तारी सोमवार की संध्या नगर के डाकबंगला रोड स्थित शिक्षा विभाग के गेट के समीप एक चाय के दुकान पर से की गयी है। निगरानी की टीम शिक्षा विभाग के मुख्य गेट को बंदकर विभाग में कागजातों को खंगालने में जुटी है। रौशन कुमार लखीसराय जिला के निवासी है। बेतिया के एसडीपीओ-1 विवेक दीप ने बताया कि निगरानी की टीम ने शिक्षा विभाग के सहायक अभियंता रौशन कुमार को गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी पटना से आये डीएसपी सुधीर कुमार के नेतृत्व में की गयी है। सूत्रों के अनुसार नौतन के रहीमपुर के रहने वाले ठेकेदार



शम्श तबरेज ने नौतन प्रखंड के स्कूलों में मरम्मति का काम करवाया था। शम्श तबरेज को 57 लाख रुपये का भुगतान शिक्षा विभाग से पाना था। सूत्रों के अनुसार सहायक अभियंता रौशन कुमार बिल भुगतान करने के लिए 10 प्रतिशत की राशि कमिशन में मांग रहे थे। घूस मांगने से तंग संवेदक ने इसकी शिकायत निगरानी के पटना कार्यालय में दर्ज करायी थी। वहां से एक टीम ने आकर आरोपों का सत्यापन किया था। टीम में शामिल एक कर्मी संवेदक के साथ सहायक अभियंता के पास गए थे तो उन्होंने कमिशन की मांग की थी। इसके बाद निगरानी की टीम ने जाल बिछाकर सोमवार की देर शाम सहायक अभियंता को पांच लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। पूछ ताछ जारी है।

## डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं, 13 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन



एजेंसी

**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, पैक्स से जुड़े मामले, पेयजल समस्या, अंतजार्तीय विवाह, जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से संबंधित शिकायतों सहित अन्य जनहित के मुद्दे जिलाधिकारी के समक्ष रखे। इस दौरान जिलाधिकारी ने कुल 25 से अधिक आवेदनों की सुनवाई की, जिनमें से 13 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समाधान शीघ्र, पारदर्शी और विधिसम्मत तरीके से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक आवेदक को निर्धारित समय-सीमा के भीतर की गई कार्रवाई की स्पष्ट और लिखित जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया। उन्होंने बताया कि आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, जिला और प्रमंडल स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर शिकायतों की सुनवाई करते हैं तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, पत्नी पर हत्या का आरोप

**पूर्णिया** : रौटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मलहारा मदरसा से पश्चिम पुराने कल्वर्ट (पुलिया) के समीप रविवार देर रात संदिग्ध अवस्था में 34 वर्षीय युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कोचाधामन थाना क्षेत्र के भागपुनास गांव निवासी एहसान रजा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता साबीर आलम ने रौटा थाना में लिखित आवेदन देकर अपने पुत्र की हत्या कराने का आरोप उसकी पत्नी शमरीन ताज पर लगाया है। आवेदन में बताया गया है कि उनका पुत्र रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सऊदी अरब से अपने गांव भागपुनास लौटा था।

# होली पर्व को लेकर राघोपुर पुलिस का फ्लैग मार्च

एजेंसी

**सुपौल** : होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार की शाम करीब छह बजे राघोपुर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च थानाध्यक्ष अमित कुमार राय के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान बाजार, प्रमुख चौक-चौराहों तथा संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस ने आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए होली पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने स्पष्ट रूप से कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की



असामाजिक गतिविधि, हुड़दंग, शराब पीकर उत्पात मचाने या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से संयम बरतने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। पुलिस की इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए शांतिपूर्ण और सुरक्षित होली मनाने का संकल्प लिया। पुलिस प्रशासन ने जानकारी दी कि पर्व के दौरान लगातार गश्ती दल सक्रिय रहेंगे तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। मौके पर एसआई कैलाश राम, पुष्पाजय कुमार, स्वीटी कुमारी, उमेश कुमार, बिकास कुमार, रौशनी कुमारी, पीटीसी अभय कुमार सहित दर्जनों पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन आरसीसी पुल का स्पैन ढलाई के दौरान गिरा, तीन अभियंता निलंबित



एजेंसी

**पटना** : नाबार्ड राज्य योजना के तहत गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड स्थित बखरौल कुर्मी टोला पथ पर घोघरी नदी के ऊपर निमार्णाधीन आरसीसी पुल की ढलाई के दौरान एक स्पैन क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना को ग्रामीण कार्य विभाग ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रशासनिक कार्रवाई की है। विभाग ने गोपालगंज कार्य प्रमंडल-2 के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को कार्य में लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पुल निर्माण कार्य में लगे संवेदक बापूधाम कंस्ट्रक्शन, मोतिहारी के खिलाफ भी कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, घोघरी नदी पर बन रहे इस आरसीसी पुल का एल-041 से एल-039 के बीच का एक हिस्सा ढलाई के दौरान ही अचानक गिर गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई। ग्रामीण कार्य विभाग ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, नोडल पदाधिकारी और वरीय पुल सलाहकार को घटनास्थल पर भेजकर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार सभी कार्यपालक अभियंताओं को पुल निर्माण से पूर्व डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) की जांच वरीय पुल सलाहकार से कराने का स्पष्ट निर्देश दिया गया था, लेकिन संबंधित अभियंता और संवेदक ने इस निर्देश का पालन नहीं किया। उल्लेखनीय है कि सिधवलिया प्रखंड के बखरौल कुर्मी टोला में इस पुल का निर्माण कार्य पिछले वर्ष 7 मार्च को शुरू किया गया था। विभाग ने इसे 6 मार्च, 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभाग ने 28 फरवरी को आयोजित समीक्षा बैठक में भी सभी कार्य प्रमंडलों को अपने-अपने पुल परियोजनाओं के डीपीआर की अनिवार्य रूप से पुल सलाहकार से समीक्षा कराने का निर्देश दोहराया था। विभाग का मानना है कि वरीय पुल सलाहकारों द्वारा तकनीकी जांच और मूल्यांकन से कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी।

# होलिका दहन पर निकली भव्य शोभायात्रा

एजेंसी

**सीवान** : होलिका दहन के पावन अवसर पर सोमवार की संध्या शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा दीनदयाल नगर तुरहा टोली से होलिका की प्रतिमा के साथ प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शहर के शिवव्रत साह घाट परिसर सहित लगभग 20 स्थानों पर होलिका दहन का आयोजन किया जाता है। शिवव्रत साह घाट पर समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम से पूर्व प्रतिमा के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे नगर का भ्रमण किया। यात्रा श्रद्धानंद बाजार, दरबार रोड, थाना रोड, बड़ी मस्जिद रोड, शांति वट वृक्ष, सोनार टोली, मौलेश्वरी चौक, कागजी



मोहल्ला होते हुए जेपी चौक पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान शहर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवी रंग में रंगा नजर आया। आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की ओर से 14 मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य जवानों की तैनाती की गई थी, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। संध्या 7:00 बजे के बाद विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत होलिका दहन किया जाएगा। पूरे आयोजन के दौरान लोगों में उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## डीएम-एसपी का ज्वाइंट आदेश जारी - डीजे-अश्लील गानों पर रोक के आदेश

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिले में होली के पावन पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेश में खलल डालने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जायेगी। जिला प्रशासन के अनुसार होलिका दहन 02 मार्च की रात्रि को संपन्न होगी। जबकि होली पर्व 03 एवं 04 मार्च को मनाया जाएगा। लिहाजा विवादित स्थलों पर होलिका दहन नहीं होगा, इसके लिए समस्त अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस



पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। वे खुद होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेंगे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित करें। जबकि शांति समिति के समस्त सदस्यों के संपर्क नंबर थाना प्रभारी अपनी पंजी में संधारित करेंगे। विधि-व्यवस्था पूरी तरह से बहाल रहे फलस्वरूप समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

# होली पर सीवान में सख्ती, लहरिया कट बाइकर्स और अश्लील गीतों पर कड़ा एक्शन

एजेंसी

**सीवान** : होली पर्व को लेकर जिले में विधि-व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी विवेक कुमार मैत्रेय और एसपी पुरन कुमार झा ने संयुक्त रूप से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग कर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हाल में कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं होगा।

**लहरिया कट बाइकर्स पर सख्त कार्रवाई**

एसपी ने दो टूक कहा कि लहरिया कट चलाने वाले बाइकर्स पर विशेष नजर रखी जाएगी। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी थानों को 24 घंटे पेट्रोलिंग, खासकर संवेदनशील इलाकों में, करने का निर्देश दिया गया है। रेलवे स्टेशन और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अर्ली मॉर्निंग और लेट नाइट विशेष गश्ती अभियान चलेगा। छोटे-छोटे गलियों में भी बाइक पेट्रोलिंग की व्यवस्था रहेगी।

**डीजे और अश्लील गानों पर पूर्ण रोक**

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान डीजे या टैंपू व ई-रिक्शा में अश्लील गाना बजते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। लोकगीतों के नाम पर अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जहां भी शिकायत मिलेगी, त्वरित कार्रवाई की जाएगी।



**शराबबंदी पर जीरो टॉलरेंस**

जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। पर्व के दौरान चोरी-छिपे शराब बेचने या सेवन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए वाहनों की लगातार जांच की जाएगी।

**होलिका दहन के लिए फायर ब्रिगेड अलर्ट**

होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। बिजली विभाग को लूज वायर दुरुस्त करने और शॉर्ट सर्किट से बचाव सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक और एम्बुलेंस अलर्ट रहेंगे।

**सोशल मीडिया पर पैनी नजर**

अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।अंत में प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि होली को हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं तथा कानून को अपने हाथ में न लें।

# जीएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया होली मिलन समारोह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा** : जिले के डोमचांच स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया साथ ही स्कूली बच्चे विद्यालय प्रांगण में बड़े ही उत्साह के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते दिखें व शिक्षकगण ने एक दूसरे को गुलाल व गले लगाकर होली की ढेरों शुभकामनाएं दी। समारोह में उपस्थित विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उप-निदेशक नीरज सिंह, प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कॉर्डिनेटर सोनी चंदन ने विद्यालय परिवार को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए ׳हैप्पी होली सेफ होली׳ की बात कहते हुए सभी से सौहार्दपूर्ण होली खेलने की कामना की। निदेशक नितेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा होली एक लोकप्रिय त्योहार है, जिसे रंगों का त्योहार या वसंत का त्योहार के रूप में भी जाना जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है, क्योंकि यह हिरण्यकश्यप पर विष्णु की नरसिंह नारायण के रूप में जीत का जश्न मनाता है।होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। उप-निदेशक नीरज सिंह ने भी सबों को गुलाल व गले लगकर अपने संबोधन में कहा प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर




भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। उपस्थित प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने भी कहा फागुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली के साथ अनेक कथाएं जुड़ीं हैं। समारोह में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## लाइफलाइन एक्सप्रेस हॉस्पिटल ट्रेन में 09 से 29 मार्च तक होगा गम्भीर बीमारियों का इलाज



**अररिया** : जिले के सिमराहा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर 9 मार्च से 29 मार्च तक लाइफलाइन एक्सप्रेस हॉस्पिटल ट्रेन के माध्यम से मरीजों का गंभीर बीमारियों का मुफ्त इलाज,ऑपरेशन के साथ दवाइयां और उपकरण दिए जाएंगे। इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन,भारतीय रेल,जिला प्रशासन और इंपैक्ट यूके के सामूहिक सहयोग से विश्व का चलता फिरता मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल ट्रेन लाइफलाइन एक्सप्रेस ट्रेन में यह निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।21 दिवसीय इस कार्यक्रम में निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को मुहैया कराई जाएगी। भारतीय रेल और इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजन को लेकर एक प्रेस रिलीज की गई है।जिसमें जानकारी दी गई है कि 9 से 14 मार्च आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के साथ जरूरतमंदों को चिकित्सीय परामर्श के अनुसार मुफ्त चश्मा प्रदान किया जाएगा।साथ ही 9 से 14 मार्च के बीच स्त्री रोग परामर्श के साथ मुफ्त दवा वितरण एवं गर्भाशय कैंसर की जांच की जाएगी।जबकि 15 से 19 मार्च तक कानों की जांच,ऑपरेशन और सुनने वाली मशीन चिकित्सीय परामर्श के अनुसार प्रदान की जाएगी।

## एक झलक

### थरुर ने सैमसन की पारी को जमकर सराहा

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर क्रिकेट के शौकीन है और हमेशा मैचों को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं देते रहते है। थरुर ने अब विकेटकपीर बल्लेबाज संजू सैमसन की वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे सुपर-8 में खेली 97 रनों की नाबाद पारी की जमकर सराहना की है। सैमसन की इस पारी से भारतीय टीम विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची है। वेस्टइंडीज पर भारतीय टीम की जीत के बाद थरूर ने सैमसन को भारत की शान और तिरुवनंतपुरम का बेटाह्न बताया है। इस मैच में वेस्टइंडीज ने भारतीय टीम को जीत के सामने 195 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे भारतीय टीम ने पांच विकेट से हासिल कर लिया। थरूर ने इस दौरान उस समय को भी याद किया जब टूनामेंट के ठीक पहले खराब प्रदर्शन के कारण सैमसन को शुरूआती मैचों में अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पायी थी। भारतीय टीम ने ईशान किशन और अभिषेक शर्मा के साथ टी20 विश्वकप की शुरूआत की थी पर वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टर फाइनल में सैमसन की शानदार पारी के बाद मैं गर्व और राहत से भर गया हूं।

### नई दिल्ली करेगी एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन की मेजबानी

**नई दिल्ली।** स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का नेशनल कन्वेंशन 2026 आगामी 13 से 16 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 23 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रीय राजधानी को इस प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन की मेजबानी का अवसर मिला है। इस बार का संस्करण विशेष रूप से ऐतिहासिक होगा क्योंकि इसके साथ एसजेएफआई अपनी स्वर्ण जयंती (गोल्डन जुबली) भी मना रहा है। आयोजन की मेजबानी दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा की जा रही है।एसजेएफआई को विश्व खेल पत्रकार संगठन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता एवं संबद्धता प्राप्त है। चार दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जोन से 250 से अधिक वरिष्ठ खेल पत्रकार, खेल प्रशासक, नीति-निमार्ता, ओलंपिक खिलाड़ी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

### ईरान से सुरक्षित निकले पूर्व बार्सिलोना स्टार मुनिर

**नई दिल्ली।** पूर्व बार्सिलोना स्टार मुनिर एल हद्दादी ने पुष्टि की है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बीच वह सुरक्षित रूप से देश छोड़कर निकल चुके हैं। मोरक्को के फॉरवर्ड मुनिर एल हद्दादी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर स्पेनिश में लिखा, ईरान में मेरी स्थिति को लेकर आपके संदेशों और चिंता के लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। कल देश को हवाई मार्ग से छोड़ने की योजना थी, लेकिन अंत में हमें विमान से उतार दिया गया और उड़ान नहीं भर सके। मुनिर एल हद्दादी सितंबर 2025 में स्पेनिश क्लब सीडी लेगानेस से ईरानी क्लब एस्तेगलाल एफसी से जुड़े थे। उन्होंने बताया कि मौजूदा क्लब ने उनकी सुरक्षित निकासी की व्यवस्था की।

# एमएलएस : इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी को 3-2 से हराया



**एजेंसी**

**ऑरलैंडो :** फ्लोरिडा डर्बी में स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे और अपनी टीम इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में 10 खिलाड़ियों तक सिमटी ऑरलैंडो सिटी पर 3-2 से रोमांचक जीत दिलाई। मुकाबला रविवार को ऑरलैंडो के इंटरएंडको स्टेडियम में खेला गया। मैच की शुरूआत में ऑरलैंडो सिटी ने आक्रामक खेल दिखाया। पहले हाफ में मार्को पासालिक और मार्टिन ओहेडा ने छह मिनट के भीतर गोल दागकर मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में इंटर मियामी ने रणनीति में बदलाव किया और फुल-बैक नोआ एलेन की जगह माटेओ सिलवेट्टी को मैदान पर उतारा। यह बदलाव तुरंत असरदार साबित हुआ। मैदान पर आने के चार मिनट के भीतर सिलवेट्टी ने टेलास्को सेगोविया के पास पर गोल कर टीम को मुकाबले में वापस ला दिया।इसके बाद सेगोविया ने एक और शानदार मूव तैयार किया और आठ मिनट बाद मेसी को असिस्ट दिया। मेसी ने बॉक्स के बाहर से बेहतरीन शॉट लगाते हुए 2026 सीजन में अपना पहला लीग गोल दागा और स्कोर बराबर कर दिया। मैच के 85वें मिनट में मेसी ने सेगोविया को पास दिया, जिन्होंने कर्लिंग शॉट के जरिए गोल कर मियामी को बढ़त दिला दी और टीम की वापसी पूरी की।

इंजरी टाइम में ऑरलैंडो की मुश्किलें और बढ़ गईं जब कॉलिन गुस्के ने मेसी पर फाउल किया और दूसरा येलो कार्ड मिलने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इससे ऑरलैंडो सिटी 10 खिलाड़ियों तक सिमट गया। इसके बाद मेसी ने फ्री-किक पर शानदार गोल कर इंटर मियामी की जीत पक्की कर दी। इस जीत के साथ इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी के खिलाफ सभी प्रतियोगिताओं में अपनी पहली जीत दर्ज की।

## सैमसन ने तोड़ा विराट का रिकार्ड



**एजेंसी**

**कोलकाता :** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने टी20 विश्व कप के तीसरे सुपर-आठ मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी 97 रनों की पारी के साथ ही पूर्व कप्तान विराट कोहली के सफलता पूर्व लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक रन बनाने का रिकार्ड तोड़ दिया है। गौरतलब है कि टी20 विश्व कप में लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट ने साल 2016 टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया और एक 2022 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे अधिक 82-82 रन बनाये थे। इस प्रकार सैमसन ने 97 रन बनाकर सफलतापूर्वक पीछा करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने का विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब सैमसन के नाम टी20 विश्व कप में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।सैमसन को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। सैमसन की पारी से भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को तीसरे सुपर-8 मैच में 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

## टी20 विश्वकप: पहला सेमीफाइनल दक्षिण अफ्रीका-न्यूजीलैंड में

**दूसरा सेमीफाइनल भारत-इंग्लैंड**



**एजेंसी**

**कोलकाता :** भारतीय क्रिकेट टीम यहां हुए अंतिम सुपरआठ मैच में वेस्टंडीज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। वहीं वेस्टइंडीज हार के साथ ही बाहर हो गयी है। इसी मैच के साथ ही सेमीफाइनल की चार टीमें तय हो गयी हैं। इसमें ग्रुप 1 से दक्षिण अफ्रीका और भारतीय टीम है। वहीं ग्रुप 2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड टीम फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में पहले ग्रुप की शीर्ष टीम का मुकाबला दूसरे ग्रुप की दूसरी टीम से जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पहले ग्रुप की दूसरी टीम का सामना दूसरे ग्रुप की पहली टीम से होगा। ऐसे में पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच जबकि दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड और भारत के बीच मुकाबला होगा। टी20 विश्वकप 2026 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच कोलकाता के ईडन गार्डेंस में बुधवार 4 मार्च को खेला जाएगा। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल मैच इंग्लैंड और भारत के बीच 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों ही मैचों के लिए रिजर्व दिन भी रखे गये हैं, ऐसे में अगर बारिश होती है तो पूरा मैच दूसरे दिन खेला जाएगा। दोनों मैचों की टाइमिंग भी एक ही है। दोनों ही मैच भारतीय समय के अनुसार शाम को सात बजे से खेले जाएंगे।

## अभी भी मेरे अंदर भारतीय टीम से खेलने का जुनून : शमी



**एजेंसी**

**मुम्बई :** पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का कहना है कि उनके अंदर अभी भी भारतीय टीम से खेलने का जुनून है। शमी ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है पर इसके बाद भी उनकी उपेक्षा हुई है। शमी ने अंतिम बार साल 2025 में खेला था। इसके बाद से ही वह किसी भी प्रारुप में नहीं खेले हैं हालांकि वह घरेलू क्रिकेट में लगातार खेल रहे हैं। शमी का कहना है कि वह अभी भी देश के लिए खेलना चाहते हैं। साथ ही कहा कि उनमें अभी भी खेलने की क्षमता है। शमी ने कहा, मैं हमेशा कहता हूं, चाहे आप कोई भी खेल खेलें, अगर आपके अंदर योग्यता है तो उसे बेकार न करें। ह्न नवंबर 2024 में लंबी चोट के बाद वापसी करने के बाद शमी ने घरेलू क्रिकेट में काफी मेहनत की है। रणजी ट्रॉफी 2025झ्र26 सीजन में बंगाल के लिए खेलते हुए वह काफी अच्छे फॉर्म में नजर आये। सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ उन्होंने काफी अच्छा खेल दिखाया है। इस सीजन की 12 पारियों में शमी ने 36 विकेट लिए हैं और वे टूनामेंट में छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।2025 की शुरूआत में टी20 मैचों और विजेता चैंपियंस ट्रॉफी में शामिल रहने के बाद भी उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली।

## जून में भारत दौरे पर आयेगी अफगानिस्तान टीम

**एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय खेलेगी**



**एजेंसी**

**मुम्बई :** अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम जून में भारत दौरे पर जाएगी। अफगान टीम अपने इस दौरे में एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगान टीम के इस भारत दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया है। अफगानिस्तान टीम अपना एकमात्र टेस्ट मैच न्यू चंडीगढ़ में खेलेगी। इसके बाद तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज होगी। बीसीसीआई के अनुसार टेस्ट मैच 6 जून से 10 जून, 2026 तक न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। वहीं एकदिवसीय सीरीज 14 जून, 2026 को धर्मशाला में शुरू होगी, जिसके बाद के मैच लखनऊ और चेन्नई में खेले जाएंगेगे। सभी एकदिवीसय मैच दोपहर 1:30 बजे शुय होंगे। इस दौरे से पहले भरतीय टीम को आईपीएल खेलना है। ।

## बाबर के बचाव में उतरे पुजारा

**मुम्बई ।** भारतीय टेस्ट टीम के बल्लेबाज रहे चेतेश्वर पुजारा ने कहा है टी20 विश्वकप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के लिए केवल अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम को ही दोष देना सही नहीं हैं। पुजारा के अनुसार टीम प्रबंधन को बाबर के साथ स्पष्ट रुप से बातचीत कर बताना चाहिये कि टीम उनसे क्या चाहती है। पुजारा ने कहा कि अगर बाबर टीम की भविष्य की योजनाओं में फिट नहीं बैठते हैं, तो उन्हें यह बात स्पष्ट रुप से बता देनी चाहिये। उनके अनुसार, केवल एक खिलाड़ी से ही परिणाम प्रभावित नहीं होता, विफलता के लिए पूरी टीम जिम्मेदार होती है।पुजारा ने कहा कि पाक टीम के खराब प्रदर्शन का कारण मध्यक्रम की विफलता है। वहीं बाबर को इस टूर्नामेंट में मध्यक्रम में उतारा गया और वह रन नहीं बना पाये।

## वियतनाम के खिलाफ उतरेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**एएफसी महिला एशियन कप फुटबॉल**



**एजेंसी**

**पर्थ :** एएफसी महिला एशियन कप फुटबॉल में भारतीय महिला टीम 4 मार्च को वियतनाम के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। भारतीय टीम को इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरना होगा। इसका कारण है कि वियतनाम का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में लगातार बेहतर हुआ है। नई मुख्य कोच अमेलिया वाल्वेर्दे, के मार्गदर्शन में भारतीय टीम का ये पहला मुकाबला होगा। ये मुकाबला टीम के लिए आसान नहीं होगा। वियतनामी टीम साल 2022 में क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी। इस मुकाबले के बाद भारतीय टीम को दो बार की विजो जापान से खेलना होगा। ये मुकाबला भी काफी कठिन होगा क्योंकि जापान फीफा रैंकिंग में शीर्ष टीमों में से एक है। जापान की कई खिलाड़ी इंग्लैंड लीग में भी खेलती हैं, जिससे भी वह काफी बेहतर मानी जाती हैं।

भारतीय टीम 10 मार्च को भारत चीनी ताइपे से खेलेगी। फीफा रैंकिंग में 67वें स्थान पर मौजूद भारत के लिए नॉकआउट चरण में पहुंचना बड़ी उपलब्धि होगी। कोच वाल्वेर्दे के अनुसार भारतीय टीम के पास सही मिश्रण और सही सोच है। मौजूद जानकारी के अनुसार भारतीय टीम में युवा जोश और अनुभव का संतुलन है। 2022 संस्करण में शामिल सात खिलाड़ी फिर से टीम में हैं, जबकि छह नए चेहरे पहली बार इस मंच पर उतरेंगे।इस टूनामेंट के सेमीफाइनल और क्वार्टरफाइनल में हारने वाली टीमों के बीच प्ले-ऑफ जीतने वाली दो टीमों को सीधे 2027 विश्व कप के लिए प्रवेश मिलो जबकि बच हुई टीमों को इंटर-कॉन्टिनेंटल प्ले-ऑफ के जरिये आगे जाना होगा। इस टूनामेंट में अगले 20 दिनों टूनामेंट में 12 टीमें 27 मुकाबलों में उतरेंगी जिससे एशियाई चैंपियन का फैसला होगा। इससे उनकी 2027 महिला विश्व कप और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की राह भी आसान होगी। मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए यह टूनामेंट बेहद खास माना जा रहा है। स्टार खिलाड़ी सैम केर की कप्तानी वाली टीम की स्वर्णिम पीढ़ी के लिए घरेलू मैदान पर बड़ा खिताब जीतने का यह शायद आखिरी मौका हो सकता है।

## तीरंदाज अंकिता भकत की नजरें एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर लगी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** तीरंदाज अंकिता भकत आजकल 2026 एशियाई खेलों की तैयारियों में लगी हैं। अंकिता एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हैं। इसमें वह अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ औसत स्कोर पार करना चाहती हैं। उनका मानना है कि अगर तकनीक पर पूरी पकड़ बन गई, तो वह बड़े मंच पर देश के लिए बड़ा पदक जीत सकती हैं।अंकिता ने अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से पहचान बनाई है। पिछले साल उसने दक्षिण कोरिया में विपरीत हालातों में अभ्यास किया था। पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहने के कुछ महीनों बाद ही उन्होंने खुद को और बेहतर बनाने का फैसला लिया। अंकिता ने टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता कांग चेयॉन्ग और जांग मिन ही को भी हाल में हराया था, वहीं पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट सु-ह्योन पर भी जीत दर्ज की। ऐसे में अब वह एशियाई खेलों को लेकर उत्साहित हैं। अंकिता ने बहुत कम उम्र में कोलकाता के सर्कस ग्राउंड से तीरंदाजी शुरू की थी। लकड़ी के धनुष से शुरूआत कर उन्होंने टाटा आर्चरी अकादमी, जमशेदपुर तक का सफर तय किया। 2016 में पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली और तब से अब तक वह कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। 2023 एशियन गेम्स में टीम ब्रॉन्ज भी उनके खाते में है।पेरिस ओलंपिक में हालांकि कुछ निर्णायक तीर निशाने से रह गये थे जिससे वह असफल रहीं। अंकिता का साफ कहना है कि हर खिलाड़ी से कभी-कभी गलती होती है और वह उन पलों को सीख की तरह लेती हैं। कोच के अनुसार वह अब पहले से बेहतर हुई है।

## सैमसन की पारी से मैच हमारे हाथ से निकला : होप



**एजेंसी**

**कोलकाता :** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कप्तान शाई होप ने टी20 विश्वकप से बाहर होने पर निराश जतायी है। होप ने कहा कि भारतीय टीम के बल्लेबाज संजू सैमसन की पारी से ये मैच उनके हाथ से निकल गया। होप के अनुसार टीम के शीर्ष क्रम के असफल होने से भी उन्हें नुकसान हुआ। साथ ही कहा कि अगर ऐसा नहीं होता तो परिणाम कुछ और होता। वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 195 रन बनाए। वहीं अंत में उनकी टीम करीब 20 रन और बना सकती थी पर उनकी धीमी पारी से इसपर पानी फिर गया। होप ने 32 रन बनाने के लिए 33 गेंदें खेलीं और उनका स्ट्राइक रेट काफी कम 96 रहा। वह 17 गेंदों पर रन नहीं बना पायी और इसी से मैच में अंतर आ गया। होप ने कहा, मैं गलती मानता हूं। मुझे और तेज बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। जब आप नेतृत्व कर रहे होते हैं तो आप आगे बढ़कर लय बनाना चाहते हैं। आज मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ। आज मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा, पर ऐसी स्थिति में जब आप संघर्ष कर रहे होते हैं, तो काफी दबाव रहता है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं खराब बल्लेबाजी कर रहा था।


होप ने कहा, भारतीय टीम ने अच्छी गेंदबाजी की। साथ ही कहा कि आप हर गेंद पर छक्का मारना चाहते हैं पर ऐसा नहीं होता। आज मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मैं सीधे फील्डरों के पास गेंद मार रहा था और फिर स्थिति को थोड़ा और समझने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, मैं पारी में थोड़ा और देर तक बल्लेबाजी करना चाहता था और बीच में स्पिन गेंदबाजों का सामना करना चाहता था।

## मध्यपूर्व में जारी संघर्ष के कारण स्वदेश नहीं लौट पा रही जिम्बाब्वे टीम



**एजेंसी**

**मुम्बई :** खाड़ी देशों में जारी संघर्ष के कारण जिम्बाब्वे की टीम टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद भी भारत में ही फंसी हुई है। जिम्बाब्वे की टीम दुबई हवाई अड्डे के बंद होने के बाद से ही स्वदेश वापसी की योजना पर अपने क्रिकेट बोर्ड के अगले आदेश का इंतजार कर रही है। जिम्बाब्वे की टीम रविवार को सुपर आठ चरण के अपने अंतिम मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद से ही स्वदेश लौटने की तैयारी में लगी थी पर अचानक ही अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद से ही खाड़ी देशों से सभी उड़ाने बाधित हो गयीं। टीम के अधिकांश खिलाड़ी सोमवार सुबह से दिल्ली से तीन अलग-अलग चरणों में रवाना होने वाले थे पर ये संभव नहीं हुआ। टीम के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स ने बताया कि अभी वापसी को टाल दिया गया है अभी हम इंतजार की रणनीति पर काम कर रहे हैं। वहीं जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर ग्रीम क्रीमर दुबई में रहते हैं और मध्य पूर्व के प्रमुख हवाई अड्डों के हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद उनकी यात्रा योजना भी अभी टल गई है। टीम के अन्य खिलाड़ियों को दुबई से आगे की उड़ान लेनी थी। मुख्य कोच सैमन्स ने कहा, खिलाड़ियों के लिए इस तरह की स्थिति की अनदेखी करना कठिन है लेकिन फिर भी सबका ध्यान रविवार को मैच के दौरान खेल पर ही था। उन्होंने मौजूदा स्थिति से खेल के प्रभावित होने के बारे में पूछे जाने पर कहा, सबके दिमाग में यह था कि उन्हें सोमवार को घर के लिए निकलना है। टीम के अंदर इस पर बात हो रही थी पर मैदान पर कदम रखते समय उनका पूरा ध्यान मैच पर ही था। सैमन्स ने कहा कि रविवार को टीम को कोई नई जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, जब हमने मैच शुरू किया था, तब कोई जानकारी नहीं थी। उसके बाद पूरा ध्यान खेल पर रहा। तब से मुझे कोई जानकारी नहीं मिली है। दुबई हवाई अड्डा बंद होने के कारण खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए अब अदीस अबाबा स्थित इथोपियाई एयरलाइंस के जरिए स्वदेश लौटने का विकल्प है। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भी कहा है कि टी20 विश्व कप से लौट रहे खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था कर रही है। यह कदम अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष के कारण उड़ाने बंद होने के कारण उठाया गया है। हमलों के बाद उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए उठाया जा रहा है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में पहुंची है और उसके दिमाग में भी वापसी को लेकर संशय है। टीम के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष की स्थिति खिलाड़ियों के बीच चर्चा का विषय रहा है। आप इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते पर हमारा ध्यान खेल पर ही रहेगा।



सिंगापुर में विश्व टेबल टेनिस सेमीफाइनल में खेलती हुई जर्मनी की सबीना विंटर।

# स्टॉक मार्केट में क्लीन मैक्स की कमजोर एंट्री, घाटे में आईपीओ निवेशक




**नयी दिल्ली :** कॉमर्शियल एंड इडस्ट्रियल रिन्यूएबल एनर्जी प्रोवाइडर क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 1,053 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर इसकी लिस्टिंग 9.50 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 952.20 रुपये के स्तर पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर नौ प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 960 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर टूटकर 855.10 रुपये के स्तर तक गिर गया। सुबह 11:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 855.50 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक प्रति शेयर 197.50 रुपये यानी 18.76 प्रतिशत के नुकसान में थे।

क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड का 3,086.97 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 से 225 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल सिर्फ 0.99 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.99 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.57 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन महज 0.07 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत एक रुपये फेस वैल्यू वाले 1,200 करोड़ रुपये के 1.14 करोड़ नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 1900 करोड़ रुपये के 1.80 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नए शेयरों के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 59.47 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 37.64 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी फायदे में आ गई। कंपनी को 19.43 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 19 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 960.98 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 1,425.31 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 1,610.34 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 969.35 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 3,843.42 करोड़ रुपये का कर्ज था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5,514.56 करोड़ रुपये और 2024-25 में 7,973.70 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी पर 10,121.46 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में ये 1,209.93 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 1,817.96 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 2,545.44 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक ये 2,598.34 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## एक झलक

### ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.25 फीसदी बरकरार रखी

**नयी दिल्ली :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कर्मचारियों के पीएफ जमा पर ब्याज दर 8.25 फीसदी बरकरार रखी है। इस फैसले से देश के लगभग 31 करोड़ से ज्यादा सदस्यों को फायदा मिलेगा। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडाविया की अध्यक्षता में केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की यहां हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। इससे पिछले वित्त वर्ष में भी ईपीएफओ ने 8.25 फीसदी की ही ब्याज दर दी थी। उससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में ये दर 8.15 फीसदी थी, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह चार दशक के निचले स्तर 8.1 फीसदी तक चली गई थी।
भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री पवन कुमार ने कर्मचारी भविष्य निधि के कर्मचारियों के लिए पीएफ जमा पर ब्याज दर 8.25 फीसदी पर रखने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे देश के करोड़ों सैलरी पेशा कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत देने वाली खबर है।

### राजपुताना स्टेनलेस लिमिटेड का आईपीओ 09 मार्च को खुलेगा, प्राइस बैंड 116-122 रुपये

**नयी दिल्ली :** स्टेनलेस स्टील क्षेत्र की कंपनी राजपुताना स्टेनलेस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 9 मार्च को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए निवेशक 11 मार्च तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 116-122 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के शेयर 16 मार्च को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित है। राजपुताना स्टेनलेस लिमिटेड के मुताबिक 10 रुपये फेस वैल्यू वाले इस इश्यू में निवेशक कम से कम 110 इक्विटी शेयर और उसके बाद 110 इक्विटी शेयर के मल्टीपल में बोली लगा सकते हैं। यह आईपीओ एक फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) दोनों का मिश्रण है। कंपनी 1.47 करोड़ नए शेयर जारी कर करीब 178.73 करोड़ रुपये जुटाएगी, जबकि 0.63 करोड़ शेयरों की बिक्री के जरिए 76.25 करोड़ रुपये ऑफर फॉर सेल से आएंगे। राजपुताना स्टेनलेस लिमिटेड इस आईपीओ से मिली राशि का बड़ा हिस्सा अपने कारोबार को मजबूत करने में लगाएगी। करीब 18.57 करोड़ रुपये स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप्स की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने में खर्च करेगी, जिससे कंपनी का प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और व्यापक होगा। इसके अलावा 98 करोड़ रुपये का उपयोग मौजूदा सुरक्षित कर्ज के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान में किया जायेगा। शेष राशि सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए रखी जायेगी।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी बिकवाली का दबाव

**नयी दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं एशिया के बाजार में आज बिकवाली का दबाव बना हुआ है। जियो पॉलिटिकल टेंशन के कारण अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद कमजोरी के साथ बंद हुए।

## सैमसंग इंडिया ने अपना सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बड्स4 प्रो किया लॉन्च; प्री-ऑर्डर आज से शुरू

**रांची :** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने घोषणा की है कि उसके गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 आज से प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध हैं। ये नए ईयरबड्स बेहतरीन हाई-फाई ऑडियो और रोजमर्रा के इस्तेमाल के अनुभव को फिर से परिभाषित करते हैं। गैलेक्सी बड्स4 सीरीज शानदार साउंड क्वालिटी और कम्प्यूटेशनल तरीके से तैयार की गई फिटिंग का एक बेजोड़ मेल है।
पहली बार, बड्स4 प्रो में ज्यादा चौड़ा वूफर, बेहतर ऐक्टिव नॉइस कैंसिलेशन और बेहतर एडेप्टिव इक्वलाइजर दिया गया है, जिससे आवाज मूल रिकॉर्डिंग जैसी शुद्ध सुनाई देती है। इसमें अक का गहरा इस्तेमाल सैमसंग की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जिसके तहत ईयरबड्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि लोग दिन भर कैसे सुनते हैं, कैसे चलते-फिरते हैं और कैसे रहते हैं। बेहतर स्थिरता और दिनभर के आराम के लिए




ऑप्टिमाइज्ड कम्प्यूटेशनल डिजाइन बड्स4 सीरीज के साथ, सैमसंग ने नए ‍₹ब्लेड डिजाइन₹ को पेश किया है। यह एक बड़ी कम्प्यूटेशनल उपलब्धि है, जो दुनिया भर के लाखों लोगों के कानों के डेटा पॉइंट्स और 10,000 से अधिक सिमुलेशन पर आधारित है। बड्स4 सीरीज में एक अल्ट्रा-स्लीक और एर्गोनॉमिक फिट दिया गया है, ताकि उपयोगकर्ताओं को अधिक आरामदायक अनुभव मिले। नया स्टेबलाइज्ड ब्लेड प्रीमियम मेटल फिनिश के साथ आता है और इसमें एक उत्कीर्ण पिंच कंट्रोल एरिया है, जिससे यूजर्स आसानी से कंट्रोल ढूंढकर सेटिंग्स को एडजस्ट कर सकते हैं। इसके साथ ही, नया पारदर्शी क्लैमशेल-टाइप केस स्टोरेज और चार्जिंग को सुविधाजनक बनाता है, जबकि ब्लेड डिजाइन एक स्टाइलिश और उच्च-गुणवत्ता वाला सुनने का अनुभव प्रदान करता है। सैमसंग गैलेक्सी बड्स4 प्रो और बड्स4 अलग-अलग डिजाइन आर्किटेक्चर के साथ आते हैं। गैलेक्सी बड्स4 प्रो में 'कैनाल-फिट' डिजाइन दिया गया है, जो अधिकतम कार्यक्षमता के साथ बेहतरीन साउंड प्रदान करता है। वहीं, गैलेक्सी बड्स4 का 'ओपन-फिट' डिजाइन अधिक आरामदायक और यूजर-फ्रेंडली ऑडियो अनुभव देता है। गैलेक्सी बड्स4 प्रो और बड्स4 दोनों व्हाइट और ब्लैक मैट फिनिश में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, बड्स4 प्रो के लिए एक ऑनलाइन-एक्सक्लूसिव पिंक गोल्ड कलर भी उपलब्ध है।
सैमसंग के गैलेक्सी बड्स4 प्रो में 20Hz से 40,000Hz (40kHz) तक की फ्रीक्वेंसी रिस्पॉन्स रेंज दी गई है, जो इसकी गहरे बास और ऊंचे ट्रेबल पैदा करने की क्षमता को दर्शाती है, जिससे अधिक विस्तृत और भरपूर साउंड मिलता है।

### सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में सांकेतिक गिरावट

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान सोना के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना 4,010 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसके विपरीत चांदी की कीमत में 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,73,090 रुपये से लेकर 1,73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 1,58,660 रुपये से लेकर 1,58,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में 2,94,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने पंकज त्रिपाठी के साथ अपना नया ब्रांड कैम्पेन किया लॉन्च

**रांची :** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कंपनी ने इसके साथ ही अपना नया ब्रांड अभियान 'चुनिए भरोसा, अपनों सा' लॉन्च कर दिया है। यह साझेदारी पंकज त्रिपाठी की विश्वसनीयता और सादगी भरी छवि को एसबीआई जनरल के भरोसे और पारदर्शिता वाले मूल्यों से जोड़ती है। अभियान के तहत जारी नई हेल्थ इंश्योरेंस फिल्म में पंकज त्रिपाठी परिवार के एक मजबूत स्तंभ के रूप में दिखाई दे रहे हैं, जो छोटे-छोटे कार्यों के जरिए अपनों की देखभाल का एहसास कराते हैं। टीबीडब्ल्यूए लिंटास द्वारा




तैयार यह फिल्म भारतीय परिवारों की भावनाओं से जुड़ती है। बढ़ती चिकित्सा लागत और स्वास्थ्य जागरूकता के बीच कंपनी व्यापक हेल्थ इंश्योरेंस को वित्तीय योजना का अनिवार्य हिस्सा बताती है।
एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ नवीन चंद्र झा ने कहा, 'परिवार अब स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा को लेकर अधिक सजग हो रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से हम सक्रिय स्वास्थ्य सुरक्षा की आवश्यकता पर जागरूकता बढ़ाना चाहते हैं।' ब्रांड एंबेसडर पंकज त्रिपाठी ने कहा, एसबीआई जनरल जैसे मजबूत ब्रांड के साथ जुड़कर खुशी हुई। 'चुनिए भरोसा, अपनों सा' अभियान की भावनात्मक कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया, जो गर्मजोशी और परिवार के अटूट रिश्ते का संदेश देती है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के हेड-मार्केटिंग रथिन लाहिड़ी ने कहा, 'यह फिल्म आम आदमी के शांत साहस को दशार्ती है, ठीक उसी तरह जैसे एसबीआई जनरल सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।' यह अभियान प्रिंट, टीवी, ओटीटी और सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जायेगा।

## एंटर10 नेटवर्क लेकर आया सबसे बड़ा होली शो ‘चढ़ल फगुआ के रंग 2026’



एंटर10 नेटवर्क भोजपुरी टेलीविजन का सबसे बड़ा होली शो ‘चढ़ल फगुआ के रंग 2026’ लेकर आया है, जिसका प्रीमियर 4 मार्च को भोजपुरी सिनेमा पर होगा। टीवी की सबसे बड़ी होली भोजपुरी सिनेमा पर -‘चढ़ल फगुआ के रंग, 2026’ एंटर10 नेटवर्क इस त्योहारों के मौसम में अपने शानदार होली स्पेशल,‘चढ़ल फगुआ के रंग-सेलिब्रेशन 2026’ के साथ टेलीविजन स्क्रीन को रंगीन रंगों में रंगने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह मेगा फेस्टिव इवेंट 4 मार्च को सुबह 9:30 बजे और शाम 5:30 बजे खास तौर पर भोजपुरी सिनेमा पर प्रसारित होगा, जिसमें म्यूज़िक, डांस, स्टार पावर और होली की अनोखी भावना से भरपूर एक हाई-एनर्जी सेलिब्रेशन का वादा किया गया है।
एंटर 10 नेटवर्क के एमडी (एमडी), मनीष सिंघल के अनुसार, ₹एंटर 10 नेटवर्क का लक्ष्य हर त्योहार को परंपरा और आधुनिकता के अद्भुत संगम के साथ मनाना है। इस वर्ष, हमारा प्रमुख होली उत्सव 'चढ़ल फगुआ के रंग' एक बार फिर दर्शकों के बीच अपनी सांस्कृतिक विरासत का जादू बिखेरेगा।

### एण्डटीवी के ‘हे भगवान- कितना बदल गया इंसान!’ की उज्जैन में हुई शूटिंग : तरूण खन्ना

**मुंबई :** हल्के-फुल्के और पारिवारिक मनोरंजन के अपने वादे को कायम रखते हुए एण्डटीवी ने अपनी आगामी डिवाइन ड्रैमेडी ‘हे भगवान-कितना बदल गया इंसान!’ की विशेष ऑन-लोकेशन शूटिंग आध्यात्मिक नगरी उज्जैन में की। एक ऐसी कहानी, जो आस्था, बदलते मानवीय मूल्यों और दैवीय हस्तक्षेप को दर्शाती है, की शुरूआत के लिए महाकाल की नगरी और पवित्र महाकालेश्वर ज्योर्तिलिंग के लिए प्रसिद्ध उज्जैन से बेहतर स्थान कोई और नहीं हो सकता था। उज्जैन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो आम भारतीय जीवन में पौराणिक स्पर्श को सहजता से पिरोता है। जिस शहर में कहानी घटित होती है, वहीं शूटिंग करने से महेश शर्मा की ईमानदारी, विश्वास और अप्रत्याशित दैवीय मार्गदर्शन की यात्रा को वास्तविकता और भावनात्मक गहराई मिली। महादेव की भूमिका निभा रहे तरुण खन्ना उस दैवीय शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो मानवता को देखती है और उसका मार्गदर्शन करती है।
टीम ने शहर के प्रसिद्ध घाटों, मंदिरों के आसपास और शांत नदी तटों पर शूटिंग की, जहां की सादगी और पवित्र ऊर्जा कहानी का मूल स्वर बन गई।

## नीति आयोग ने की राष्ट्रीय कार्यशाला, किसानों की आय बढ़ाने में प्राकृतिक खेती पर जोर

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग ने अपने राज्य सहायता मिशन (एसएसएम) के तहत प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें देश भर से किसानों, नीति निमार्ताओं, वैज्ञानिकों, स्टार्टअप और नागरिकों ने एक साथ भाग लिया। महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, इनपुट लागत को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने में प्राकृतिक खेती की भूमिका पर जोर दिया।
कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक खेती पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रशिक्षण नियमावली की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य किसानों, विस्तार अधिकारियों और जमीनी स्तर के कार्यकताओं को प्राकृतिक खेती पद्धतियों पर क्षेत्र-प्रासंगिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान



करना है। गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने टिकाऊ, किसान-केंद्रित कृषि प्रणालियों के महत्व और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, इनपुट लागत को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने में प्राकृतिक खेती की भूमिका पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय और गुजरात प्राकृतिक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय सहित प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही। पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल और ओडिशा के किसानों, कृषि अधिकारियों और कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती पर विचार-विमर्श किया। नीति आयोग के मुताबिक एपीडा, नाबार्ड, सहकारिता मंत्रालय, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन विभाग (डीएएचडी), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान सहित प्रमुख केंद्रीय संस्थानों और मंत्रालयों के अधिकारियों ने भी कार्यशाला में भाग लिया और अभिसरण, प्रमाणीकरण, बाजार संबंधों और संस्थागत समर्थन पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में कृषि क्षेत्र के स्टार्टअप, नागरिकों, अग्रणी किसानों और किसान उत्पादक समूहों ने देश में प्राकृतिक खेती को समर्थन देने वाले बढ़ते इको-सिस्टम पर बल दिया। कार्यशाला में पहले दिन आयोजित खुली चर्चा में कुल 770 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें किसानों और विशेषज्ञों को प्राकृतिक खेती को अपनाने, प्रमाणीकरण, बाजार और संस्थागत समर्थन से संबंधित अपनी समस्याओं, जमीनी स्तर की चुनौतियों और आशंकाओं पर खुलकर चर्चा करने का अवसर मिला। इस चर्चा में किसान नेतृत्व मॉडलों की आवश्यकता पर आम सहमति बनी।

## पेज एक के शेष

**भारत-कनाडा के बीच 08 करार, 09 घोषणाएं, व्यापार समझौते से जुड़े विषयों पर सहमति...**

कनाडा ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और इंटरनेशनल सोलर अलायंस में शामिल होगा। साथ ही, भारत के सहयोग से कनाडा इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन में डायलॉग पार्टनर के तौर पर भी शामिल होगा।
मंत्रालय के अनुसार भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया जायेगा। वहीं, कनाडा आगामी 17-30 मार्च तक होने वाले भारत जनजातीय उत्सव-2026 में भागीदारी करेगा। विश्वविद्यालय कनाडा एक नयी कनाडा-भारत संयुक्त योग्यता एवं नवाचार रणनीति लांच करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और इनोवेशन जैसे क्षेत्र में यूनिवर्सिटी/इंस्टीट्यूशन के बीच 24 साझेदारी समझौते होना तय किया गया है। इसके अलावा ग्लोबलिंक रिसर्च इंटर्नशिप, महत्त्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।
विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि इस दौरे के पांच ठोस नतीजे मिले। पहला, सीईपीए के लॉन्च के जरिए एक टिकाऊ आर्थिक सहारा देने पर सहमति बनी। सीईपीए के लिए शर्तों पर साइन करने से 2026 के आखिर तक एक बड़ा, संतुलित और दोनों के लिए फायदेमंद समझौता करने का एक साफ रोडमैप मिलता है। कुमारन ने बताया कि नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री के बीच इजराइल-ईरान संकट पर चर्चा हुई। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिन्ता जतायी तथा सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव न बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर दिया गया।
अपराध के मुद्दे पर कुमारन ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच सुरक्षा सहयोग मजबूत हो रहा है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठकें दिल्ली और ओटावा में हुईं। आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह सक्रिय है। प्रत्यर्पण व कानूनी सहयोग पर चर्चा जारी है। नशीले पदार्थों और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमति बनी।
इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वक्तव्य में मेहमान नेता की दोनों देशों के संबंधों को गति देने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि जल्द होने जा रहा व्यापार समझौता दोनों देशों में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अति आवश्यक खनिजों को लेकर हुए समझौते से सप्लाई मजबूत होगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में दोनों के स्टार्टअप और बिजनेस आपस में जुड़ेंगे।
प्रधानमंत्री ने इस दौरान आतंकवाद और चरमपंथ को मानवता की साझा चुनौती बताया और कहा कि इसके खिलाफ दोनों देशों का सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बेहद जरूरी है।
पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने संवाद और कुटनीति से माध्यम से सभी विवादों के समाधान का समर्थन किया। साथ ही, बताया कि मौजूदा परिस्थियों में भारत अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।
वहीं कनाडा के प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि पिछले एक वर्ष में दोनों देशों की सरकारों के बीच सहयोग में विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा, 'यह महज एक रिश्ते का नवीनीकरण नहीं है, बल्कि एक मूल्यवान साझेदारी का विस्तार है जिसमें नयी महत्त्वाकांक्षा, लक्ष्य और दूरदर्शिता झलकती है। यह दो आत्मविश्वासी देशों की साझेदारी है जो भविष्य के लिए अपना मार्ग स्वयं तय कर रहे हैं।' कनाडा के प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पिछले दशक में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और एक बड़ी ताकत बन गया है। इस संदर्भ में कनाडा उनकी महत्वाकांक्षा और उद्देश्य की भावना को साझा करता है।
कार्नी ने कहा कि दोनों देश स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अपना सहयोग और मजबूत कर रहे हैं। पवन, सौर और हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। हमारी योजना 2050 तक अपने ग्रिड को दोगुना करने की है और भारत इस विस्तार में एक प्रमुख भागीदार हो सकता है।

**भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द देंगे अंतिम रूप : मोदी...**

स्वाभाविक साझेदार के रूप में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। इस परिवर्तन के पीछे मजबूत घरेलू मांग, युवा आबादी, बड़े पैमाने पर निवेश और डिजिटल तकनीक की शक्ति है। यह हमारी निरन्तर आगे बढ़ती 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' का परिणाम है। नीति सरलीकरण, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई), लॉजिस्टिक्स आधुनिकीकरण तथा कर और दिवाला सुधारों के माध्यम से हर क्षेत्र में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने इस वर्ष के बजट में आधारभूत संरचना विकास के लिए रिकॉर्ड 130 अरब डॉलर का प्रावधान किया है, जबकि नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन के तहत 1.3 ट्रिलियन डॉलर के निवेश पर कार्य चल रहा है। कनाडाई पेंशन फंड भारत में लगभग 100 अरब डॉलर का निवेश कर चुके हैं, जो गहरे विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कनाडाई उद्योग जगत से भारत की अवसंरचना विकास यात्रा में भागीदार बनने का आह्वान किया।
मोदी ने सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वच्छ ऊर्जा दोनों देशों की प्राथमिकता है। परमाणु क्षेत्र में सहयोग और यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए समझौते किये गये हैं। महत्त्वपूर्ण खनिजों में मजबूत आपूर्ति शृंखला बनाने की दिशा में कदम उठाये गये हैं। कनाडा की नवाचार क्षमता और भारत की विस्तार क्षमता को मिलाकर बैटरी और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है।
उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में संयुक्त एआई कंप्यूट कॉरिडोर और स्टार्टअप्स के लिए एआई इनोवेशन सैंडबॉक्स स्थापित किये जा सकते हैं। विनिर्माण एवं प्रौद्योगिकी ; विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और इंजीनियरिंग ; में कनाडा की तकनीक और भारत के पैमाने को जोड़कर वैश्विक मूल्य शृंखलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में मेगा फूड पार्क, कोल्ड चेन और फूड टेस्टिंग लैब्स तेजी से विकसित हो रहे हैं, जो सहयोग का नया आयाम बन सकते हैं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि साझेदारी केवल राष्ट्रीय राजधानियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि राज्यों और प्रांतों तक विस्तार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भारत और कनाडा साथ खड़े होते हैं, तो वे केवल दो अर्थव्यवस्थाओं को नहीं जोड़ते, बल्कि पूंजी और क्षमता को मिलाकर एक नयी आर्थिक शक्ति का निर्माण करते हैं।
उन्होंने क्रिकेट का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे टी-20 क्रिकेट में तेज फैसले, निडर शॉट्स और मैच जिताने वाली साझेदारियां अहम होती हैं, वैसे ही भारत और कनाडा मिलकर भविष्य को आकार देंगे।
इस अवसर पर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के सकारात्मक विचारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देश मिल कर भारत-कनाडा सम्बन्धों का नया अध्याय लिखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था दबाव में है, ऐसे समय में विश्वसनीय और समान विचारधारा वाले साझेदारों का सहयोग और अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाता है।

**झारखंड के साथ देश के विकास में टाटा समूह का अहम योगदान : हेमन्त...**

राज्य सरकार और टाटा के अधिकारियों की एक टीम बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में टाटा समूह हर स्तर पर पूरा सहयोग देगा।

**नयी टेक्नोलॉजी पर होगा निवेश**

टाटा समूह के कई प्रतिष्ठान इस राज्य में कार्यरत हैं। इसमें टाटा स्टील और टाटा मोटर्स जैसी बड़ी फैक्ट्रियां भी शामिल हैं। अब इन प्रतिष्ठानों में नई टेक्नोलॉजी से उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसे में नयी टेक्नोलॉजी पर बड़े निवेश की योजना है। इसके अंतर्गत टाटा स्टील में नयी टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से जहां प्रदूषण नियंत्रण के साथ उत्पादन की प्रक्रिया तेज होगी, वहीं उन्नत हाइड्रोजन बेस्ड वाहन निर्माण संयंत्र स्थापित किया गया है।

सीएसआर का बढ़ेगा दायरा, स्किल डेवलपमेंट पर भी रहेगा फोकस

झारखंड के विकास में टाटा समूह अपनी पूरी भागीदारी निभाना के लिए तैयार है। ऐसे में सीएसआर का दायरा बढ़ाया जायेगा। इसकी राशि में बढ़ोतरी करने की योजना है, ताकि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ यहां के लोगों को मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि यहां के युवाओं के कौशल विकास में टाटा समूह राज्य सरकार के साझेदार की भूमिका निभायेगा, ताकि आज की जरूरत के हिसाब से उनके कौशल को निखार कर तैयार किया जा सके।

**आजीवन कारावास की सजा काट रहे 23 कैदियों की रिहाई पर सहमति...**

के आरोप में रहे कैदियों के साथ महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि रिहा होनेवाले कैदियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाये, उनकी आय सृजन और सामाजिक पुनर्वास सुनिश्चित किया जाये तथा जिला स्तर पर उनके जीवनयापन के लिए निर्धारित जिला समन्वयकों की विशेष जिम्मेदारी तय की जाये।
बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, डीजीपी तदाशा मिश्रा, प्रधान सचिव-विधि परामर्शी, विधि विभाग नीरज कुमार श्रीवास्तव, महानिरीक्षक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं सुदर्शन प्रसाद मंडल, न्यायिक आयुक्त अनिल कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक झलक

### प्रधानमंत्री कार्की का राष्ट्र के नाम संबोधन

**निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी की अपील**

**काठमांडू :** प्रधानमंत्री ने 5 मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव में सभी मतदाताओं से सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है। होली (फागु पूर्णिमा) के अवसर पर सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए सामूहिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि देश अपने इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है और आगामी चुनाव नागरिकों को अपना भविष्य स्वयं तय करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल किसी उम्मीदवार को चुनने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आपके और आपके बच्चों के भविष्य को आकार देने वाला निर्णय है। उन्होंने मतदाताओं से चुनाव के दिन मतदान केंद्रों तक पहुंचने को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

### नेपाल में आज से एक हफ्ते का सार्वजनिक अवकाश

**काठमांडू :** नेपाल में आज से एक सप्ताह लंबी सार्वजनिक छुट्टी शुरू हो गई है। होली, प्रतिनिधि सभा निर्वाचन, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और शनिवार को मिलाकर आज से लगातार सात दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। नेपाल के पहाड़ी जिलों में आज सोमवार तथा तराई मधेश में मंगलवार को होली मनाने के लिए 2 और 3 मार्च दो दिनों का सार्वजनिक अवकाश है। इसके बाद 5 मार्च को होने जा रहे मतदान को लेकर सरकार ने तीन दिनों के राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। मतदाता अपने शहर, गांव जाकर मतदान में सहभागी हो सकें और वापस अपने गंतव्य तक पहुंच जाए, इसके लिए 4, 5 और 6 मार्च को राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। इसके बाद 7 मार्च को शनिवार को नेपाल में साप्ताहिक अवकाश रहता है। ऐसे ही 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भी नेपाल में सार्वजनिक अवकाश दिया जाता है। यानि आज 2 मार्च से लेकर 8 मार्च तक लगातार 7 दिनों का अवकाश है।

# होली पर चन्द्रोदय के साथ चन्द्रग्रहण का योग, फाल्गुन पूर्णिमा पर होली खेलने आ रहा ताम्बिया लाल सा चंद्रमा

एजेंसी

**भोपाल :** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए तीन मार्च (मंगलवार) का दिन बेहद खास होने जा रहा है। होली के रंगों के बीच आकाश में चंद्रमा भी ताम्र-लाल आभा के साथ नजर आएगा। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना घटित होगी, जिसमें चंद्रमा पृथ्वी की पूर्ण छाया से होकर गुजरेगा। भोपाल की राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि भारत में यह घटना आंशिक चंद्रग्रहण के रूप में शाम को केवल कुछ मिनटों के लिए दिखाई देगी। यह ग्रहण 'ग्रस्तोदय' के रूप में नजर आएगा, यानी चंद्रोदय के समय ही चंद्रमा पर ग्रहण लगा हुआ होगा। उन्होंने बताया कि ग्रहण की शुरूआत दोपहर लगभग 3 बजकर 20 मिनट से हो जाएगी, लेकिन उस समय भारत में चंद्रोदय नहीं हुआ होगा। आंशिक ग्रहण




की समाप्ति शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगी। जिन नगरों में चंद्रोदय पहले हो जाएगा, वहां ग्रहण कुछ अधिक समय तक देखा जा सकेगा। पूर्वोत्तर के शहरों में यह अपेक्षाकृत अधिक देर तक दिखाई देगा। मध्य प्रदेश के सिंगरौली में ग्रहण का दृश्य लगभग शाम 6:01 बजे से दिखाई देना शुरू होगा, जबकि पश्चिम में स्थित आलीराजपुर में यह करीब 6:37 बजे नजर आएगा। यह वर्ष 2026 का पहला चंद्रग्रहण होगा। पूर्ण चंद्रग्रहण को 'ब्लड मून' भी कहा जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है, तो पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य की नीली रोशनी को बिखेर देता है और लाल प्रकाश को चंद्रमा तक पहुंचने देता है। इसी कारण चंद्रमा गहरे लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई देता है।

सारिका घारू के अनुसार, चंद्रग्रहण को बिना किसी विशेष चश्मे के नंगी आंखों से सुरक्षित रूप से देखा जा सकता है। इस खगोलीय घटना का कुछ न कुछ हिस्सा विश्व की लगभग 63 प्रतिशत आबादी देख सकेगी।

चंद्रग्रहण का समय (भारतीय समयानुसार) : आंशिक ग्रहण आरंभ- दोपहर 3 बजकर 20 मिनिट 07 सेकंडपूर्णग्रहण आरंभ - दोपहर 4 बजकर 34 मिनिट 34 सेकंडपूर्णग्रहण समाप्ति - सायं 5 बजकर 32 मिनिट 49 सेकंडआंशिक ग्रहण समाप्ति- सायं 6 बजकर 47 मिनिट 15 सेकंडपूर्णग्रहण की अवधि - 58 मिनिट

खगोल प्रेमियों के लिए यह होली न सिर्फ रंगों से, बल्कि आसमान में दिखने वाले अनोखे नजारे से भी यादगार बनने वाली है।

## देश में होली का लेकर जबदस्त उत्साह

**रंगों** का त्यौहार होली 4 मार्च को है, इस लेकर देशभर में रंगों, मिष्ठान, नए कपड़ों और उल्लास के साथ होली की तैयारी जारी है। खुशियों से भरा त्यौहार होली सिर्फ रंग खेलने का मौका नहीं बल्कि बसंत के आगमन, बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रेम-भाईचारे का प्रतीक है। होली पूरे देश में अलग-अलग नाम और अनोखे अंदाज के साथ मनाई जाती है। यूपी के ब्रज क्षेत्र में होली सबसे पारंपरिक और जीवंत रूप में मनाई जाती है। यहां होली का उत्सव फगुआ दूज से शुरू होकर कई दिनों तक चलता है। बरसाना और नंदगांव की लट्ठमार होली बहुत प्रसिद्ध है। लोककथा के अनुसार, श्रीकृष्ण राधाजी के गांव बरसाना होली खेलने आए थे। आज भी महिलाएं हंसी-मजाक में पुरुषों पर लाठियां चलाती हैं और पुरुष ढाल से बचाव करते हैं। वहीं, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली खेली जाती है। भक्त फूलों की पंखुड़ियां बरसाते हैं। वहीं बरसाना के श्रीजी मंदिर में लड्डू होली की परंपरा है, जहां रंग लगाने से पहले लड्डुओं की वर्षा होती है। ब्रज में होली 40 दिनों तक कई रूपों में मनाई जाती है। कृष्णनगरी के बाद शिवनगरी काशी में मसान होली की परंपरा है। वाराणसी में होली को मसान होली के नाम से जाना जाता है।

**लखपति बिटिया, होली-दीपावली पर मुफ्त गैस सिलिंडर और सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड योजना का शुभारम्भ**

# आज महिलाएं हर क्षेत्र में कर रहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को दिल्ली सरकार की लखपति बिटिया योजना, होली-दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड योजना का शुभारंभ और लाडली योजना के अंतर्गत 40,642 बालिका लाभार्थियों के खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरण किए।



इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में दिल्ली की महिलाओं और बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित हजारों की संख्या में लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। सैनिक के रूप में वे देश की सीमाओं की रक्षा कर रही हैं। वैज्ञानिक के रूप में वे प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं। खेल-प्रतियोगिताओं में वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन कर रही हैं। राजनीति, सामाजिक सेवा, प्रशासन और व्यापार जैसे सभी क्षेत्रों में आज महिलाएं नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में दीक्षांत समारोहों में डिग्री और पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं की बढ़ती संख्या एक प्रेरणादायक तस्वीर प्रस्तुत करती है। हालांकि यह भी एक सच्चाई है कि महिलाओं को आज भी हिंसा, आर्थिक असमानता, सामाजिक रूढ़िवादिता और स्वास्थ्य संबंधी उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। महिला सशक्तीकरण का लक्ष्य इन बाधाओं को दूर करके ही प्राप्त किया जा सकता है। एक महिला सशक्त तभी होगी जब वह स्वतंत्र निर्णय ले सके, आत्मसम्मान से जी सके और उसे समान अवसर व सुरक्षा मिले। एक सशक्त महिला न केवल अपना जीवन बदल सकती है, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों की दिशा भी बदल सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार ने महिला सशक्तीकरण के लिए कई कदम उठाए हैं। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना शिक्षा और लड़कियों की सुरक्षा को बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाखों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा कर रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करा रही है। लखपति दीदी योजना जैसी पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान कर रही हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी पहल महिलाओं के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि इन सभी प्रयासों से महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति में सुधार हो रहा है। हालांकि हमें यह याद रखना चाहिए कि महिला सशक्तीकरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है।

# विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों से भारत की नवोन्मेषी शिक्षा व्यवस्था से जुड़ने का आह्वान : धर्मेन्द्र प्रधान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) से भारत की तेजी से बढ़ती, नवाचार-आधारित और बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली के साथ सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है।प्रधान ने सोमवार को यहां सुषमा स्वराज भवन में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित ह्यस्टडी इन इंडियाह्न एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन हो रहा है और यह वैश्विक साझेदारी के लिए तैयार है। इस सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों और कूटनीतिक मिशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, गुणवत्ता, नवाचार और सस्ती शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और शिक्षा इस लक्ष्य की प्राप्ति का प्रमुख आधार है।

प्रधान ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र, युवा जनसंख्या और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 'स्टडी इन इंडिया' पहल के माध्यम से वैश्विक विद्यार्थियों और शोधकताओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और सतत ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारत एक विश्वसनीय नवाचार साझेदार के रूप में उभर रहा है तथा 'ग्लोबल साउथ' मॉडल को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी ने कहा कि पिछले छह वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने उच्च शिक्षा सुधारों को स्पष्ट दिशा दी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने के लिए पारदर्शी और समयबद्ध नियामक ढांचा लागू किया गया है। सम्मेलन में भारतीय ज्ञान परंपरा, एसपीएआरसी और जियान के माध्यम से शैक्षणिक साझेदारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उन्नत प्रौद्योगिकी, विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों के लिए यूजीसी विनियम 2023, अंतरराष्ट्रीय कौशल ढांचा तथा 'भारत इनोवेट्स 2026' जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

## बेटे ने की मां-पिता बहन व दादी की हत्या

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में संपत्ति के विवाद में एक बेटे ने अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित ने खुद पर भी ईट मारकर जान देने का प्रयास किया। पुलिस ने घायल आरोपित को अस्पताल में भर्ती कराया और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया है।

## फिनलैंड के राष्ट्रपति 04 से 07 मार्च तक भारत दौरे पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** फिनलैंड के राष्ट्रपति डॉ. अलेक्जेंडर स्टब 4 से 7 मार्च तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उनके साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक राष्ट्रपति स्टब इस दौरान नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 11वें रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि और कीनोट स्पीकर होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यह उनकी भारत में राष्ट्रपति के रूप में पहली यात्रा होगी।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति स्टब द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

